Postal Regn No.Jaipur City/007/2018-20 || पश्चिमी राजस्थान की आवाज || मूल्य : दो रुपये

**चौखी बात**

डर को नजदीक न आने दो अगर यह नजदीक आ जाय तो इस पर हमला कर दो।

चाणक्य

# दैनिक जलते दीप

संस्थापक स्व. माणक मेहता

**॥ दसवां वेद ॥**

लह पूजा गुण लार, नह
आडंबर सूं निपट।
सिव वदै संसार, राख
लगायां राजिया।।

(अर्थ व कथा पेज चार पर)

www.dainikjaltedeep.com | वर्ष: 22 | अंक: 350 | जयपुर, शनिवार 18 जनवरी, 2020 | कुल पृष्ठ: 8 | Email : news@dainikjaltedeep.com

## एक नजर

### बारिश के बीच पंचायत चुनाव में समर्पित कार्मिकों को साधुवाद : मुख्यमंत्री

**जलतेदीप कासं, जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को धौलपुर एवं करौली सहित प्रदेश के अन्य जिलों में तेज बारिश और ठंड के बावजूद पंचायत चुनाव के काम में तल्लीनता से लगे कार्मिकों को साधुवाद दिया है। गहलोत ने कहा कि खराब मौसम और विषम परिस्थितियों में भी पंचायतीराज चुनाव की जिम्मेदारी निभाने के लिए जुटे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के हौसले और कर्तव्य-परायणता से देश में लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। ऐसे सभी मतदानकर्मी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने प्रक्रिया में शामिल सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### पत्रकारों को पेंशन देने के लिए अधिसूचना जारी


**जलतेदीप कासं, जयपुर।** वृद्ध पत्रकार सम्मान योजना को क्रियान्विति हेतु सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग ने शुक्रवार को राजपत्र में अधिसूचना जारी करने के लिए पत्र राजकीय प्रेस को भिजवा दिया है। संभवतया सोमवार को अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित हो जाएगी। ततपश्चात कमेटी का गठन होने के बाद पेंशन योजना फरवरी तक लागू होने की संभावना है । पत्रकारों को 5 हजार रुपये पेंशन देने का फिलहाल प्रावधान रखा गया है।

### कांस्टेबल भर्ती के लिए आयु सीमा में एक साल की छूट

**जलतेदीप कासं, जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 5 हजार पदों पर की जाने वाली कांस्टेबल भर्ती-2019 के लिए अभ्यर्थियों को आयु सीमा में एक वर्ष की शिथिलता प्रदान करने तथा आवेदन के लिए अंतिम तिथि 15 दिन और बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। पुलिस मुख्यालय ने कांस्टेबल भर्ती के लिए 4 दिसम्बर, 2019 को विज्ञप्ति जारी की थी, जिसमें आयु की गणना 1 जनवरी, 2020 को आधार मानकर की गई थी। अब आयु की गणना एक जनवरी, 2021 को आधार मानकर की जाएगी।

### लापता हुआ आतंकी डॉ. जलीस अंसारी कानपुर से गिरफ्तार

**एजेंसी, कानपुर।** लापता हुए आतंकी डॉ. जलीस अंसारी को कानपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। यूपी के डीजीपी ओपी सिंह ने बताया कि आतंकी



अंसारी देश से भागने की फिराक में था। गिरफ्तार करने के बाद अब उसे लखनऊ लाया जा रहा है। डीजीपी ओपी सिंह ने इस गिरफ्तारी को यूपी पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। साथ ही कहा कि आतंकी डॉक्टर जलीस अंसारी देश से भागने की फिराक में था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। देशभर में कई सिलसिलेवार बम धमाकों के मामलों में दोषी और सजायाफ्ता डॉ. जलीस अंसारी गुरुवार को मुंबई से लापता हो गया था।

## फटकारो...




# सकारात्मक सिनेमा को हमेशा प्रोत्साहित करेंगे : मुख्यमंत्री

## जयपुर इंटरनेशल फिल्म फेस्टिवल का शानदार आगाज

- अभिनेता प्रेम चोपड़ा और पद्मश्री शाजी एन. करुण के नाम रहे जिफ 2020 के अवार्डस
- 21 जनवरी तक होगा आयोजन

■ जलतेदीप कासं, जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि सिनेमा हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है और राज्य सरकार सकारात्मक सिनेमा को हमेशा प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी सामाजिक जागरूकता का संदेश देने वाली फिल्मों को सरकार मनोरंजन कर में छूट आदि देकर प्रोत्साहन करती रहेगी।

गहलोत शुक्रवार को 12वें जयपुर अन्तरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिनेमा देश और समाज में बन्धुत्व की भावना को बढ़ाता है। फिल्म जगत और विशेषकर बॉलीवुड ने भारत में विभिन्न भाषा बोलने वाले लोगों को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया है। उन्होंने कहा कि फिल्मों से राजस्थान जैसे प्रदेश में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। मुख्यमंत्री ने फिल्म फेस्टिवल में विशिष्ट अतिथि के तौर पर आए प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता प्रेम चोपड़ा और फिल्मकार शाहजी एन. करूण का स्वागत किया और सम्मानित किया।



### देशी-विदेशी हस्तियां रहीं मौजूद

दुनिया भर से सिनेमा जगत् के नामी चेहरे जिफ के उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे। प्रेम चोपड़ा, पद्मश्री शाजी एन. करुण, फिल्म लेखक अब्बास टायरवाला और इंडियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट और जाने-माने प्रोड्यूसर टी.पी.अग्रवाल और आस्ट्रेलियन फ़िल्मकार एंड्रयू वायल सहित कई विशेष मेहमान मौजूद रहे। श्रीलंका, जापान, अमरीका, यूके, चीन, जापान, फ्रांस सहित 25 देशों के फिल्मकार मंच पर मौजूद रहे। सभी उपस्थित मेहमानों ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन समारोह की शुरुआत की। वहीं जिफ के फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने कहा कि जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के ज़रिए फिल्मों का कल्चर दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचा है। हनु ने बताया कि जिफ आने वाले सालों में कई नए प्रोजेक्ट्स लेकर आ रहा है।

### प्रेम चोपड़ा को दिया गया जिफ 2020 - एवरग्रीन स्टार अचीवमेंट अवॉर्ड

प्रेम चोपड़ा अपने ज़माने के लोकप्रिय खलनायक रहे हैं। 60 बरसों में 380 से अधिक फिल्मों में अपना जादू चला चुके चोपड़ा को हम हालिया सालों में भी रुपहले पर्दे पर देखते रहे हैं। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2020 के उद्घाटन समारोह में चोपड़ा को एवरग्रीन स्टार अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाज़ा गया। जब मंच से मशहूर अभिनेता प्रेम चोपड़ा ने प्रेम नाम है मेरा, प्रेम चोपड़ा डायलॉग बोला, तो दर्शकों ने ज़ोरदार तालियां बजाकर इसका आनन्द लिया।

### पद्मश्री शाजी एन. करूण के नाम रहा जिफ - आउटस्टैंडिंग लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

वहीं जिफ की ओर से पद्मश्री शाजी एन. करुण को प्रदान किया गया-आउटस्टैंडिंग लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2020। करुण जाने-माने फिल्म निर्देशक और सिनेमेटोग्राफर हैं। ये केरला स्टेट चलचित्र एकेडमी के प्रीमियर चेयरमैन रहे हैं। गौरतलब है कि यह एकेडमी भारत की पहली फिल्म और टीवी एकेडमी है। वहीं,1998 से 2001 तक ये इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ केरला के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन भी रहे हैं और वर्तमान में केरला स्टेट फिल्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन हैं।

### ओपनिंग फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

उद्घाटन समारोह को आगे बढ़ाने की कड़ी में दो बहुत ख़ास ओपनिंग फिल्में दिखाई गईं। यू.एस. की डॉक्यूमेंट्री फिल्म अमेरीकन मिरर- इंटीमेशंस ऑफ इमॉर्टेलिटी और राजस्थान की धरोहर को बयां करती फिल्म चीड़ी-बल्ला। राजस्थान की फिल्म को बतौर ओपनिंग फिल्म देखना राज्य भर के वासियों के लिए गर्व और खुशी की बात है।


## दोषी मुकेश की दया याचिका को राष्ट्रपति ने किया खारिज

# निर्भया के दोषियों के लिए नया डेथ वारंट

## अब 1 फरवरी को सुबह 6 बजे होगी फांसी

■ एजेंसी, नई दिल्ली

निर्भया सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी मुकेश की याचिका पर सुनवाई करते हुए पटियाला हाउस कोर्ट ने दोषियों के लिए नया डेथ वारंट जारी कर दिया है। अब निर्भया के दोषियों को 22 जनवरी को नहीं बल्कि 1 फरवरी को सुबह 6 बजे फांसी होगी। अदालत में शुक्रवार को जब यह बताया गया कि मुकेश की दया याचिका राष्ट्रपति ने खारिज कर दी है इसलिए नया डेथ वारंट जारी किया जाए। तब अदालत ने सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद यह फैसला लिया और नया डेथ वारंट जारी किया और फांसी की तारीख को 1 फरवरी कर दिया है।



### मुकेश के वकील को उससे नहीं मिलने दिया : एमिकस क्यूरी

बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि अक्षय और पवन के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इस पर वृंदा ग्रोवर ने अदालत को बताया कि जेल ने मुकेश को उसके वकील से भी नहीं मिलने दिया। तब जज ने सरकारी वकील से कहा कि मुकेश और उसके वकील की मीटिंग करवाई जाए। जब सुनवाई दोबारा शुरू हुई तो सरकारी वकील ने जज को बताया कि मुकेश को अधिकारिक तौर पर जानकारी दे दी गई है कि उसकी दया याचिका खारिज हो चुकी है। जज ने पूरे मामले पर गौर करते हुए पाया कि यहां हर दोषी अलग-अलग तारीखों पर एक के बाद एक अलग-अलग याचिका डाल रहा है। उन्होंने पूछा, कितने लंबे समय तक ये सब चलेगा? इसके बाद वृंदा ग्रोवर ने मुकेश की तरफ से एक आवेदन दाखिल किया कि उन्हें वो दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं जिससे वह दया याचिका खारिज होने के बाद जो प्रावधान हैं उनका इस्तेमाल कर सके। इसके बाद सेशन्स जज सतीश अरोड़ा ने सारी बातें ध्यान में रखते हुए नया डेथ वारंट जारी किया।

### कोर्ट में हुई ये बहस

अदालत की कार्रवाई शुरू हुई तो सरकारी वकील इरफान अहमद ने कोर्ट को बताया कि राष्ट्रपति ने मुकेश की दया याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने एक आवेदन भी डाला कि चारों दोषियों को नया डेथ वारंट जारी किया जाए। इस वक्त किसी भी अदालत में कोई याचिका लंबित नहीं है। इस पर कोर्ट ने पूछा कि क्या दोषी को दया याचिका खारिज होने के बारे में बताया गया है? एमिकस क्यूरी वृंदा ग्रोवर ने कहा कि क्या दोषी को अधिकारिक तौर पर दया याचिका खारिज होने की जानकारी दी गई है? मैं मीडिया रिपोर्ट पर भरोसा नहीं करती क्योंकि ये किसी की जिंदगी और मौत का सवाल है। इस पर जज ने सरकारी वकील से कहा कि वो दोषी को दया याचिका खारिज होने के बारे में अधिकारिक रूप से अवगत कराएं। सरकारी वकील ने कहा कि इस बारे में तिहाड़ प्रशासन से कंफर्म करके वह अदालत को एक घंटे में बताएंगे।

## जो मुजरिम चाहते हैं वही हो रहा है, तारीख पे तारीख : निर्भया की मां

निर्भया सामूहिक दुष्कर्म मामले में फांसी की तारीख आने के बाद भी दोषियों की लेटलतीफी और नियम-कानून के चलते दोषियों की फांसी में देरी होती दिख रही है उससे निर्भया की मां काफी परेशान हैं। निर्भया की मां आशा देवी ने नए डेथ वारंट पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि जो मुजरिम चाहते थे वही हो रहा है। तारीख पे तारीख, तारीख पे तारीख... उन्होंने कहा कि हमारा सिस्टम ऐसा है कि जहां अपराधियों की सुनी




जाती है। वहीं जिस तरह गुरुवार को भाजपा और आम आदमी पार्टी ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए उससे भी निर्भया की मां आशा देवी बहुत आहत हैं। इससे पहले शुक्रवार को एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में वह फूट-फूटकर रोने लगीं।

उन्होंने कहा कि इतने साल तक मैं राजनीति पर कभी नहीं बोली लेकिन आज कहती हूं कि जिस तरह मेरी बच्ची की मौत पर राजनीति हो रही है वह ठीक नहीं है।

# प्रथम चरण के मतदान में दिखाई दिया मतदाताओं का उत्साह



■ जलतेदीप कासं, जयपुर

पंचायत आम चुनाव 2020 के प्रथम चरण के अन्तर्गत शुक्रवार को जयपुर जिले की आमेर, जालसू एवं मौजमाबाद पंचायत समितियों की 79 ग्राम पंचायतों के मतदाताओं ने पंच एवं सरपंच पद के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आमेर पंचायत समिति के चिताणु कलां में पहले ही सरपंच एवं वार्ड पंचों का निर्वाचन निर्विरोध हो चुका है। शुक्रवार को सभी मतदान केन्द्रों पर प्रातः 8 बजे से मतदान प्रारम्भ होते ही ग्रामीण मतदान केन्द्रों पर बड़ी संख्या में जुटने लगे थे और यही उत्साह मतदान की समाप्ति तक दिनभर बना रहा।

जिला कलक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोल रूम पर लगातार मिल रहे आंकड़ों के अनुसार प्रातः 8 से 10 बजे तक आमेर पंचायत समिति में 13 प्रतिशत, दोपहर 12 बजे तक 29 प्रतिशत, 3 बजे तक 54.7 प्रतिशत एवं शाम पांच बजे तक 76.22 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जालसू पंचायत समिति में प्रातः 8 से 10 बजे तक 13.65 प्रतिशत, दोपहर 12 बजे तक 31.51 प्रतिशत, 3 बजे तक 59.73 प्रतिशत एवं सायं 5 बजे तक 79.09 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे।

मौजमाबाद पंचायत समिति में प्रातः 8 से 10 बजे तक 10.71 प्रतिशत, दोपहर 12 बजे तक 26.72 प्रतिशत, 3 बजे तक 54.55 प्रतिशत तथा सायं 5 बजे तक 76.73 प्रतिशत मत डाले गए।

## बजट सामाजिक व आर्थिक बदलाव का सबसे महत्वपूर्ण साधन : हरिवंश

■ राजेन्द्र व्यास, जलतेदीप ब्यूरो, चीफ, नई दिल्ली

राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि बजट हमारी नीतियों, प्राथमिकताओं तथा सामाजिक व आर्थिक विकास को दिशा देने वाला अर्थव्यवस्था सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण साधन है।

उन्होंने बजट सम्बन्धी दस्तावेजों व उनकी जटिलताओं के संदर्भ में जनप्रतिनिधियों की बजट से जुड़े तकनीकी पहलुओं की अधिकाधिक जानकारी बढ़ाये जाने के तरीकों को खोजे जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि संसद व विधानमंडल के सदस्यों को बजट प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान ऐसे व्यावहारिक सुझाव देने चाहिए जिनके आधार पर सरकारें अपनी आमदनी बढ़ाने के प्रयास कर सकें। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के लखनऊ में आयोजित सातवें सम्मेलन में बजट प्रस्तावों की संवीक्षा के लिए जनप्रतिनिधियों की क्षमता बढ़ाने सम्बन्धी विषय पर अपने मुख्य भाषण व्यक्त किए।

उन्होंने आगे कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में सरकारी धन के लीकेज को एक बड़ी चुनौती मानते हुए विधानमंडल के सदस्यों को अपने निगरानी सम्बधी कार्यों को गम्भीरता से लेना चाहिए ताकि व्यवस्था में प्रभावी पारदर्शिता लाकर आर्थिक लक्ष्यों को सुगमता से प्राप्त किया जा सके।

# जेपी नड्डा का भाजपा का अध्यक्ष बनना तय

## 20 को होगी घोषणा, पीएम-सीएम सहित कई मंत्री होंगे प्रस्तावक

■ एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए जेपी नड्डा सोमवार को दोपहर बाद पार्टी के अध्यक्ष निर्वाचित होंगे। इस दिन चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने की पूरी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस पद के लिए कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं होने के कारण नड्डा को आमसहमति से अध्यक्ष बनाया जाएगा।

खुद पीएम नरेंद्र मोदी, पार्टीशासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी नड्डा के समर्थन में प्रस्तावक बनेंगे। दोपहर तीन बजे के बाद नड्डा को अध्यक्ष बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। नड्डा को संगठन की कमान सौंपने के लिए होने वाला आयोजन बेहद भव्य



होगा। इस दौरान सभी केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों-उपमुख्यमंत्रियों, केंद्रीय पदाधिकारियों, राज्यों के अध्यक्षों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। नड्डा के निर्वाचण की घोषणा के बाद पार्टी मुख्यालय में पीएम कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। पूरा कार्यक्रम दोपहर बाद तीन बजे से पांच बजे के बीच होगा।

### चुनाव की तैयारी पूरी

इस बीच चुनाव अधिकारी बनाए गए राधामोहन सिंह ने चुनाव से जुड़ी सारी औपचारिकताओं को अंतिम रूप दे दिया है। इसके लिए मतदाता सूची तैयार है। चूंकि नड्डा के अलावा कोई और उम्मीदवार नहीं होगा, इसलिए चुनाव कराने की महज औपचारिकता ही पूरी की जाएगी।

### पद संभालते ही बड़ी चुनौती

नड्डा की ताजपोशी ऐसे समय में की जा रही है जब सियासी दृष्टि से बेहद अहम माने जा रहे दिल्ली विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में नड्डा को पद संभालते ही दिल्ली चुनाव की पहली चुनौती से जूझना होगा। पार्टी की स्थापना के बाद यह पहला मौका है जब लोकसभा या विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी रहते राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का फैसला किया गया है।

### दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा ने किया 57 उम्मीदवारों का ऐलान

■ एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 57 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। 11 प्रत्याशी एससी वर्ग से हैं और 4 महिलाओं को टिकट दिया गया है। आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री रहे कपिल मिश्रा को मॉडल टाउन से टिकट दिया गया है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को भाजपा ने रोहिणी सीट से उतारा है। वह इसी सीट से विधायक हैं।

## 5जी सेवा को मिलेगी रफ्तार

### 10 तरह के उपग्रहों के प्रक्षेपण की योजना है इस साल

# इसरो का सबसे ताकतवर उपग्रह जीसैट-30 लॉन्च

**एजेंसी, गुआना।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 17 जनवरी शुक्रवार को सुबह करीब दो बजकर 35 मिनट पर संचार उपग्रह जी-सैट30 का प्रक्षेपण यूरोपीयन स्पेस एजेंसी एरियनस्पेस के फ्रेंच के गुआना में एरियन-5 व्हीकल से सफलतापूर्वक कर दिया। इसके थोड़ी देर बाद यह व्हीकल से अलग हो गया और अपनी कक्षा की ओर बढ़ गया। ये सैटेलाइट इनसैट-4ए की जगह लेगा। जीसैट-30 का वजन करीब 3,357 किलोग्राम है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस सैटेलाइट के सफल प्रक्षेपण के बाद कु-बैंड और सी-बैंड कवरेज में बढ़ोतरी होगी। इससे भारतीय क्षेत्र और द्वीपों के साथ बड़ी संख्या में खाड़ी और एशियाई देशों के साथ ऑस्ट्रेलिया में पहुंच बढ़ेगी। जीसैट-30 संचार सैटेलाइट है जो 15 साल के मिशन के लिए प्रक्षेपित किया गया है।




### सैटेलाइट से इन सेवाओं में होगा फायदा

इसरो ने इस सैटेलाइट को 1-3केबस मॉडल में तैयार किया है जो जियोस्टेशनरी ऑर्बिट के सी और कु-बैंड से संचार सेवाओं में मदद करेगा। इसरो के अनुसार इस सैटेलाइट की मदद से टेलीपोर्ट सेवा, डिजिटल सैटेलाइट न्यूज गैदरिंग, डीटीएच टेलिविजन सेवा, मोबाइल सेवा कनेक्टिविटी जैसे कई सुविधाओं को बेहतर करने में मदद मिलेगी। कु-बैंड सिग्नल से पृथ्वी पर चल रही गतिविधियों को पकड़ा जा सकता है।

### एरियन स्पेस एजेंसी से भारत का करार

एरियन स्पेस ने बयान जारी कर कहा है कि भारत के जी-सैट30 सैटेलाइट को गुआना स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले 1981 में प्रयोगात्मक उपग्रह एपल को लॉन्च किया था। एरियन स्पेस से 23 उपग्रहों की परिक्रमा चल रही है और भारत ने 24 उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए करार किया है।

### जी-सैट-31 फरवरी में हुआ था लॉन्च

गुआना के स्पेस सेंटर से 6 फरवरी 2019 को संचार उपग्रह जी-सैट 31 को लॉन्च किया गया था। इसी तरह यहींसे 5 दिसंबर 2018 को 5,854 किलोग्राम वजनी जी-सैट11 को प्रक्षेपित किया गया था जो इसरो द्वारा निर्मित सबसे भारी उपग्रह था। इस उपग्रह से देशभर में इंटरनेट पहुंचाना था

### क्यों दूसरे देशों से होती है लॉन्चिंग ?

विशेषज्ञों का मानना है कि महज एक उपग्रह की लॉन्चिंग के लिए पूरी जीएसएलवी-एमके-3 तकनीक को अपनाने में समय लगता है। इस कारण उन देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों से संपर्क किया जाता है जो इस तरह की तकनीक से उपग्रह को लॉन्च कर रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और यूरोपियन स्पेस एजेंसी दूसरे देशों के मिशन को अपने स्पेस सेंटर से अंजाम देती हैं।

## भारत को सभी एस-400 मिसाइलों की आपूर्ति 2025 तक : रूस

■ एजेंसी, नई दिल्ली

रूस ने एस-400 लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली रक्षा मिसाइल प्रणाली का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह जानकारी रूस के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन रोमन बबुश्किन ने शुक्रवार को दिल्ली में दी। उन्होंने कहा कि भारत को सभी एस-400 रक्षा मिसाइल प्रणालियों की अपूर्ति 2025 तक कर दी जाएगी। बबुश्किन ने कहा कि इस साल अक्टूबर तक मिसाइल सिस्टम का प्रारंभिक खेप भारत पहुंच जाएगा, शेष खेपों को 2023 तक भारतीय वायु सेना (आईएएफ) में शामिल होने की उम्मीद है। विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय बैठक में भाग लेने के लिए 22-23 मार्च को रूस जाएंगे। एस-300 का उन्नत संस्करण एस-400 पहले रूस के रक्षा बलों को ही उपलब्ध थीं। यह मिसाइल 2007 से रूस के बेड़े में शामिल है। अब रूस भारत के लिए इसका निर्माण कर रहा है। इसका निर्माण अल्माज-एंते करता है।

दैनिक
# जलते दीप
जयपुर, शनिवार 18 जनवरी 2020

## कश्मीर से संवाद

शायद इस काम को बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। पर अब जब केंद्र सरकार ने अपने 36 सबसे वरिष्ठ मंत्रियों को संपर्क और संवाद के लिए जम्मू-कश्मीर भेजने का फैसला किया है, तो यही कहा जा सकता है कि देर आयद, दुरुस्त आयद। पांच महीने पहले जब केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त किया, तो बहुत से लोगों को आशंका थी कि वहां हालात बिगड़ सकते हैं। लेकिन सच यही है कि सरकार और सुरक्षा बलों ने हालात को अच्छी तरह नियंत्रित किया। हालांकि उसी समय से जम्मू-कश्मीर से संवाद बनाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसकी एक शुरुआत तभी हो गई थी, जब राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल खुद वहां गए और लोगों से मिले। लेकिन न जाने क्यों यह सिलसिला उसके बाद रुकता हुआ दिखाई दिया। हालांकि इस बीच विदेशी सांसदों व राजनयिकों को वहां ले जाने के कार्यक्रम केंद्र सरकार ने आयोजित किए, लेकिन सरकार सीधे वहां लोगों से संवाद बनाने की कोशिश करे, ऐसे आयोजन नहीं किए गए। लेकिन अब जब 36 वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों को वहां भेजा जा रहा है, तो इससे यह तो स्पष्ट है कि सरकार इसे कितना महत्व दे रही है। ये मंत्री शनिवार को अपना दौरा शुरू करेंगे और एक सप्ताह तक वहां रहेंगे। इस दौरान वे जम्मू संभाग में 51 बैठकें करेंगे, जबकि सबसे ज्यादा आशंकाग्रस्त कश्मीर घाटी में उनकी सिर्फ आठ बैठकें होंगी। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि अत्यधिक ठंड के कारण इस समय घाटी में जनजीवन ठप सा रहता है और इस बार तो वहां का एक बड़ा हिस्सा भारी बर्फबारी की चपेट में है। कश्मीर में तो यह जरूरत महसूस की जा रही थी कि संसद से नागरिकता संशोधन विधेयक पास होने के बाद से केंद्र सरकार की इस बात के लिए आलोचना भी हो रही है कि वह लोगों से संपर्क और संवाद में असफल रही। लोगों के मन में जो तरह-तरह की आशंकाएं हैं, उन्हें समय रहते दूर करने की कोशिश नहीं हुई, इसीलिए बड़े पैमाने पर असंतोष और आंदोलन सामने आए। ऐसे में, मंत्रियों का कश्मीर जाना पूरे देश को एक उम्मीद बंधाता है कि यह सिलसिला सिर्फ कश्मीर में ही खत्म नहीं होगा। उम्मीद है कि सरकार नए नागरिकता कानून, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के बारे में समाज में लगातार बढ़ रही आशंकाओं को दूर करने का भी सक्रिय प्रयास करेगी। भारतीय जनता पार्टी ने ऐसी कुछ कोशिशें जरूर की हैं, लेकिन अभी तक उनके कोई खास नतीजे सामने नहीं आए। मंत्रियों का यह दौरा सरकार के इस दावे को पुख्ता करने का काम भी करेगा कि कश्मीर में हालात बिल्कुल सामान्य हैं। इसी के साथ मंत्रियों को भी जम्मू-कश्मीर के जमीनी हालात का सीधा अनुभव मिलेगा, जो कश्मीर नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि ब्रॉडबैंड और 2-जी सेवाओं की बहाली के बाद भी इस प्रदेश में बहुत कुछ किया जाना शेष है। हालात को पूरी तरह सामान्य बनाने में अभी शायद लंबा समय लगेगा। हालात पूरी तरह सामान्य शायद तभी माने जाएंगे, जब राजनीतिक दलों के नजरबंद नेताओं को रिहा किया जाएगा और वहां पर राजनीतिक प्रक्रिया शुरू होगी। यह अभी भले न हो रहा हो, लेकिन वह दिन भी बहुत दूर नहीं है।

## हॉल मार्किंग अनिवार्यता

सोने की ज्वैलरी और अन्य आइटमों पर हॉलमार्किंग को अनिवार्य कर दिया गया है। इसकी अधिसूचना जारी करने के साथ इस पर कार्यवाही शुरू हो गई है और एक साल का समय भी दे दिया गया है, लेकिन राजस्थान में यह व्यवस्था जल्द संभव नहीं होगी और इसके लिए काफी समय लगेगा। कारण वर्तमान में इसके लिए जो सुविधा है, उसके विस्तार के साथ ज्वैलरों के रजिस्ट्रेशन को लेकर भी कई पचड़े सामने आएंगे। केंद्र सरकार ने इसके लिए हर जिले में सेंटर बनाने की घोषणा की है, लेकिन राजस्थान में अभी 15 जिलों में ही 40 सेंटर ऐसे बने हुए हैं जिनमें से 5 के लाइसेंस निलंबित हैं। ये सभी सेंटर निजी क्षेत्र का हैं। ऐसे में सरकार को एक साल के भीतर 18 जिलों में सेंटर बनाने होंगे। खास बात यह है कि कि इनमेंसे कुछ जिले काफी पिछड़े तो हैं ही साथ ही वहां कारोबार भी कम ही है। ऐसे में निजी क्षेत्र की इसमें कितनी रूचि रहेगी, इसका तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, सीकर, श्रीगंगानगर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, पाली, अलवर, सिरोही, झुंझुनु, नागौर भीलवाड़ा और चूरू जिलों में हॉल मार्किंग सेंटर काम कर रहे हैं। राज्य के बाकी जिलों डूंगरपुर, झालावाड़, सवाई माधोपुर, अलवर, बाडमेर, बांसवाडा, बूंदी, चित्तौडगढ, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, जैसलमेर, जालौर, टोंक, प्रतापगढ, करौली और सिरोही में सेंटर नहीं है। कहने का मतलब यह है कि हॉल मार्किंग को अनिवार्य तो कर दिया गया है, लेकिन हॉल मार्किंग के लिए प्रदेश के सभी जिलों में सेंटरों की स्थापना के लिए लंबा समय तय करना पडेगा। वैसे हॉल मार्किंग की अनिवार्यता तो अब अनिवार्य हो चुकी है। कारण यह कि हॉल मार्किंग से ग्राहकों को सही ज्वैलरी मिल सकेगी। सर्टिफाइड होने से ग्राहकों को पता चल सकेगा कि वह जो ज्वैलरी खरीद रहा है, वह कितने कैरेट की है। वर्तमान में जो ज्वैलर हॉल मार्किंग ज्वैलरी नहीं बेच रहे हैं, वे सोने की शुद्धता की गारंटी खुद ही देते हैं। लेकिन बिना हॉल मार्किंग ज्वैलरी की कोई गारंटी नहीं होती कि उसमें कितना सोना है। कहावत है सुनार लेते हुए भी खाता है और देते हुए भी। वैसे कुछ समय पर हॉल मार्क ज्वैलरी के कई ऐसे मामले भी पकड़े गए थे, जिनमें मार्किंग तो अलग थी और सोने की शुद्धता उससे कम। इन मामलों में संबंधित सेंटरों के लाइसेंस निलंबित किये गए थे। इसलिए केवल सेंटरो की स्थापना ही काफी नहीं होगी, उन सेंटरों पर नजर भी रखनी होगी।

## ।। दसवां वेद ।।

-जुगल परिहार

**दूहो दसमों वेद समझै तेनै सालै**

### 8768. लह पूजा गुण लार

**लह पूजा गुण लार, नह आडंबर सूं निपट।**
**सिव वंदै संसार, राख लगायां राजिया।।**

कोई भी अपने गुण के कारण ही मान-सम्मान प्राप्त कर सकता है, आडंबर करने से किसी को मान-सम्मान नहीं मिलता है। शिव राख लगाये रहते हैं, लेकिन पूरा संसार उनकी वंदना करता है।

रूपचंद्र, रूपसेन, चंद्रसेन और गुणरत्न नाम के चार मित्र थे। ये चारों युवा थे और अलग-अलग गुण रखते थे। ये चारों युवा थे और अलग अलग गुण रखते थे। ये चारों सुंदरपुर नगर के राजा नरसुंदर के पास नौकरी के लिए गए। राजा ने उन चारों से पूछा कि तुम में ऐसी क्या विशेषताएं हैं कि मैं तुम लोगों को नौकरी दूं? तब रूपचंद्र ने कहा कि मैं अश्व परीक्षा में निष्णात हूं। चंद्रसेन ने कहा कि भोजन परीक्षा में निष्णात हूं। चंद्रसेन ने कहा कि मैं शय्या परीक्षा में निष्णात हूं। आखिर में गुणरत्न बोला कि मैं नर लक्षण ज्ञान में निष्णात हूं। उनके गुण जानकर राजा ने रूपचंद्र से कहा कि मेरे यहां बढिया नस्ल के बलवान और समवयस्क घोड़े हैं। लेकिन उनमें कई तेज गति वाले हैं और कई मंद गति वाले। इसका क्या कारण है? रूपचंद्र ने कहा कि पहले मैं सभी घोड़ों को देखूं और फिर कारण बताऊंगा। रूपचंद्र ने सभी घोड़ों को देखा। फिर उसने राजा से कहा कि महाराज, इनमें से कई घोड़ों ने गाय का और कई ने भैंस का दूध पिया है। यही कारण है। आप इन घोड़ों को खूब घुमाकर तालाब में पानी पीने के लिए छोड़ दीजिए। जो पानी पीकर तुरंत वहीं गिर जाएं, उन्होंने भैंस का दूध पिया है और जो पानी पीकर तुरंत बाहर आ जाएं, उन्होंने गाय का दूध पिया है। राजा ने इस बात की जांच की। में पूछा तो अश्वपालक ने बताया कि इन घोड़ों को भैंस का दूध पिलाया गया है। इस प्रकार रूपचंद्र की कही हुई बात सही निकली। तब राजा ने सोचा कि एक तो अपने गुण में खरा उतरा है, अब दूसरे की परीक्षा की जाए। राजा नेएक दिन रूपसेन को बुलाकर भोजन करने के लिए बैठाया। उसने सोने के थाल और रत्न कटोरी में कोदव की रोटिया और पत्ती का शाक परोसवाया। तब रूपसेन ने आसन और थाल के अयोग्य भोजन देखकर रोटी को हाथ में लेकर खाया। राजा ने यह देखकर बड़ा प्रसन्न हुआ। फिर राजा बोला कि मैंने बचपन से ही सालिग्राम के चावल खाए हैं, पर कभी किसी प्रकार का रोग मेरे शरीर में नहीं हुआ। अबकी बार उन्हीं चावलों को खाते हुए बहुत से रोग उत्पन्न हो गए, इसका क्या कारण है? रूपसेन ने कहा कि आज जब भोजन का समय हो, तब देखकर कहूंगा। **(क्रमशः)**

# विश्वसनीय खरीद व मूल्य व्यवस्था की जरूरत

- देविंदर शर्मा

यह समय ऐसा है, जहां एक ओर भारत का कृषि क्षेत्र गहरे संत्रास से जूझ रहा है तो वहीं विश्व भूख-सूचकांक सूची में दर्ज कुल 120 देशों में भारत 102वें स्थान पर है, तिस पर तुर्रा यह कि देश के खाद्यान्न भंडार फटने की कगार पर हैं क्योंकि जुलाई, वर्ष 2019 के आंकड़ों के मुताबिक सरकारी गोदामों में 7.21 करोड़ टन गेहूं-चावल ठुंसा पड़ा है और जुलाई, 2020 तक इसमें 1 करोड़ टन और खाद्यान्न जुड़ जाएंगे, जिससे यह कुल मात्रा रिकॉर्ड 8.47 करोड़ टन तक पहुंच जाएगी।

इसका मतलब कि हमारे आधिकारिक अन्न भंडारों में जुलाई 2020 में सुरक्षित रखने योग्य अन्न की मात्रा में 4.63 करोड़ टन खाद्यान्न फालतू होगा। लिहाजा केंद्र सरकार को पंजाब, हरियाणा और अन्य ज्यादा उत्पादन करने वाले राज्यों से और अधिक खरीद न करने को कहना पड़ा है।

जहां एक तरफ प्रधानमंत्री कार्यालय अन्न पर दी जाने वाली सब्सिडी का बोझ लगातार घटाने पर जोर दे रहा है, शायद इसलिए ताकि अगले साल के स्टॉक में जुड़ने वाला व्यय घटाया जा सके, वहीं दूसरी तरफ 'लागत एवं मूल्य निर्धारण आयोग' उस 'मुक्त-छोर खरीद नीति' की पुनः समीक्षा की बात कह रहा है, जिसके अंतर्गत बाजार में बेचने योग्य अतिरिक्त गेहूं और चावल उत्पादक किसान मंडी में लाते हैं और सरकार इनको न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने को प्रतिबद्ध है। हो सकता है सरकारी खरीद की मात्रा की ऊपरी सीमा तय करके उक्त आयोग निजी क्षेत्र को मंडियों से खाद्यान्न की सीधी खरीद करने की अनुमति देने की सलाह दे रहा है।



कृषि उत्पाद मंडी कमेटी कानून में आखिरी मर्तबा वर्ष 2006 में बदलाव किया था, जिसके तहत निजी कंपनियों को सीधे किसानों से फसल खरीदने की अनुमति दी गई थी, लेकिन इसके नतीजे में हमारा देश विश्वभर में सबसे ज्यादा गेहूं आयात करने वाला मुल्क बन गया था। हुआ यह कि निजी व्यापारियों ने तुरंत मौका भुनाते हुए बड़े पैमाने पर खाद्यान्न की खरीद तो कर ली, लेकिन कितनी मात्रा में कहां भण्डारण किया है, इसको नहीं बताया था। नतीजतन ऐसे साल में जब फसल उत्पादन में कोई प्रत्यक्ष कमी नहीं देखी गई थी, उस वर्ष सरकारी खरीद की दर कम रही थी। लिहाजा वर्ष 2007-08 में जनवितरण के अंतर्गत दिए जाने वाले खाद्यान्न की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत को 55 लाख टन गेहूं आयात करना पड़ा था, वह भी उस कीमत से दोगुने दाम पर जो स्थानीय किसानों की फसल का लगाया गया था। उस वक्त भारत की विशाल गेहूं आपूर्ति जरूरतों की खबर लगते ही अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तुरंत इजाफा हो गया था। इससे काफी विवाद था और उस वक्त विपक्ष में रही भाजपा ने मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग की थी। इसे 'गेहूं आयात घोटाला' ठहराया था।

लिहाजा कृषि उत्पाद मंडी कमेटियों को दरकिनार कर गेहूं-चावल की खरीद सीधे किसानों से करने की अनुमति निजी क्षेत्र को देने के अपने खतरे भी निहित हैं। किसी भी सूरत में कोई भी सरकार देश की आपातकालीन खाद्य सुरक्षा जरूरतों को सुनिश्चित करने को नजरअंदाज नहीं कर सकती है और उसे अकाल या अन्य देखी-अनदेखी स्थितियों के लिए यथेष्ट मात्रा में खाद्यान्न का भण्डारण करना ही पड़ता है।

लेकिन फालतू अन्न का क्या किया जाए? फिर जब देश में इतनी बड़ी संख्या में भूखे पेट लोग मौजूद हैं, तब इसका सदुपयोग न करना क्या खाद्य-प्रबंधन में कमी को नहीं दर्शाता है? वर्ष 2006 में जब पहली बार विश्व भूख-सूचकांक रिपोर्ट जारी हुई थी, उस वक्त भी कुल 119 देशों में भारत शोचनीय 96वें स्थान पर था। अनेक अध्ययन दर्शाते हैं कि ग्रामीण भारत में (और शहरी इलाकों में भी) लोगों की अपनी खुराक संबंधी खर्च करने की समर्था में लगातार कमी आती जा रही है। उपभोक्ता व्यय सर्वे की लीक हो चुकी रिपोर्ट में साफ बताया गया है कि कैसे देश के ग्रामीण अंचल में परिवारों के खुराक व्यय में वर्ष 2011-12 से लेकर 2017-18 के बीच लगातार 10 प्रतिशत की कमी होती गई है। इसलिए भण्डारों में पड़े फालतू खाद्यान्न का इस्तेमाल प्रभावशाली ढंग से करके देश की बड़ी जनसंख्या की पौष्टिकता संबंधी कमी की भरपाई की जा सकती है। यहां मैं 'लागत एवं मूल्य आयोग' की उस सिफारिश की ताईद करता हूं, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अन्त्योदय अन्न योजना या इस जैसी जनभलाई योजनाओं के लिए अतिरिक्त अन्न की मात्रा जारी की जानी चाहिए। 'मुक्त-छोर खरीद' व्यवस्था को खत्म करने के मुद्दे पर यहां समझने की जरूरत है कि बेशक वर्तमान न्यूनतम समर्थन मूल्य वाला समीकरण खेती की लागत तक को पूरा करने में नाकाफी है, फिर भी यह एक 'तयशुदा वायदा-कीमत' तो सुनिश्चित करता ही है। किसान के लिए यह 'वायदा-भाव' और 'वायदा-खरीद' उन्हें मंडी व्यापारियों की बेलागम मनमर्जी से कुछ हद तक सुरक्षा देते हैं। इसीलिए किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की मांग अक्सर किया करते हैं।

फिलहाल दीगर आर्थिक माहिरों पर कृषि उत्पाद विपणन मंडी कमेटी (एपीएमसी) आधारित व्यवस्था को भंग करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य वाली प्रणाली को हटाने की सोच हावी हो गई है। विश्व बैंक भी लगातार यही कहता आया है और विश्व व्यापार संगठन ने तो जनता के लिए रखे जाने वाले अन्न भण्डारण के औचित्य पर ही सवाल खड़े किए हैं, यहां तक कि कुछ आर्थिक सर्वेक्षणों और मुख्यधारा के आर्थिक विशेषज्ञ लगातार कहते आए हैं कि आधिकारिक फसल मूल्य निर्धारित करना उस राह में अड़चन में बनता है, जिसे ये लोग 'प्राइस डिस्कवरी' कहते हैं।

अलबत्ता किसी बाजार दखलअंदाजी से अगर 'प्राइस डिस्कवरी' की जा सकती है तो वह खुद न्यूनतम समर्थन मूल्य ही है, बशर्ते इसे ढंग से दिया जा सके। ऐसे देश में जहां केवल 6 प्रतिशत किसानों को ही न्यूनतम समर्थन मूल्य का फायदा मिलता हो, वहां मंडी व्यवस्था शेष 94 प्रतिशत कृषकों को बेहतर मूल्य देने में बुरी तरह नाकामयाब सिद्ध हुई है, लिहाजा यह तौर-तरीका इस तथाकथित 'प्राइस डिस्कवरी' की मददगार ज्यादा है। किसानों को फसल का बेहतर मूल्य दिलवाने में 'ई-नैम्स' (इलैक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्किट सिस्टम) नामक व्यवस्था लागू करने का प्रयास भी विफल रहा है। इसलिए हम लोगों के लिए खरीद व्यवस्था को मजबूत करना ही उत्तर है। गेहूं-चावल की ऊपरी खरीद सीमा को निर्धारित करने के सिलसिले में व्यक्तिगत अथवा जिला स्तर पर तय की जाने वाली कोटा व्यवस्था पर अमल करने की बजाय वैकल्पिक फसलों की खरीद के लिए एक प्रभावशाली खरीद-तंत्र बैठाने की जरूरत है। उदाहरणार्थ गेहूं की देशव्यापी खरीद में पंजाब के मौजूदा हिस्से को 37.1 प्रतिशत से घटाकर इसकी जगह दूसरी फसलें जैसे कि बाजरा, ज्वार, दालें और तिलहन इत्यादि की खरीद पहले करना सुनिश्चित किया जाए। किसानों को हालांकि अहसास है कि अन्य फसलों की ओर जाने की जरूरत है, लेकिन एक विश्वसनीय खरीद एवं मूल्य व्यवस्था के अभाव में वे वर्तमान ढर्रे से निकलने को तैयार नहीं हैं। किसानों को एक व्यवहार्य विकल्प दिया जाए, बाकी काम वह खुद कर लेंगे। लेकिन दूसरी ओर 'वायदा-खरीद' और 'वायदा-मूल्य' वाली व्यवस्था जिसे डॉ. एमएस स्वामीनाथन ने एक बार 'अकाल से बचने' का दोहरी रणनीति कहा था-इसको योजनागत ढंग से खत्म करने वाले कदम का गंभीर राजनीतिक नतीजा होगा।

## जल तरंग

### घोलकर ज़हर खुद की फिजांओं में...

*जितने झूठे पर्यावरण प्रेमी हिन्दुस्तान में हैं, उतने पूरी दुनिया में नहीं होंगे। स्वच्छता पर सिर्फ भाषण देने और गोष्ठियां रचने से वायुमंडल में एक जर्रा भी टस से मस नहीं होता। इन्हीं गोष्ठियों में प्लास्टिक की बोतलों में पानी पिलाया जाता है और कागज़ काले किये जाते हैं। हम सब के समारोहों में पटाखे भी चलते हैं, प्लास्टिक की पत्तलों व गिलासों में दावतें होती हैं, बेशुमार सिगरटें भी फूंकी जाती हैं, माइक भी कान फोड़ते हैं। पर्यावरण का बचाव हमारी आदतों में बदलाव से संभव है किंतु बदलाव की लकीर स्वयं खींचने की बजाय हम औरों की तरफ निहारते हैं और दूसरे लोग हमारी तरफ देखते हैं। परिणाम साफ है कि न वे बदलते हैं और न हम। इतना ही कहना बनता है कि–*

***घोलकर ज़हर खुद ही हवाओं में,***
***हर शख्स मुंह छिपाये घूम रहा है।***

*कुछ औपचारिकतायें तो अपने यहां कमाल की हैं। हमारे बाइक और कारें सिर्फ तब तक ही प्रदूषण फैलाती हैं जब तक कि 100 रुपये देकर हम पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं बनवा लेते। निरुत्तरित करने वाला सवाल यह है कि क्या प्रदूषण पत्र लेने के बाद हमारे वाहन ऑक्सीजन छोड़ने लग जाते हैं? सिर्फ ऑड-ईवन कोई करामात नहीं कर सकता जब तक कि गाड़ियों के प्रदूषण का चैक सिस्टम सशक्त नहीं हो जाता। धूल, धुआं, धुन्ध, ध्वनि, वायु, जल आदि प्रदूषण आज नहीं तो कल काबू में आ जायेंगे। और नहीं भी आयेंगे तो भी आने वाले चार-पांच सौ सालों तक जीवन जैसे-तैसे चलता ही रहेगा। परन्तु जो कचरा और प्रदूषण वैचारिक और भावनात्मक धरातल पर उग रहा है, उसका कोई सोल्यूशन दूर-दूर तक भी नहीं है।*

*ये लोगों की रग-रग ज़हर उगल रही हैं। इस गन्दगी का असर तत्काल प्रभावित कर रहा है। यही कचरा लोगों के रास्ते रोक रहा है, कहीं पटरियां उखाड़ रहा है तो कहीं धर्म के नाम पर हिंसा को अंजाम दे रहा है। दिल्ली की हवा में सांस लेना 20 सिगरेट पीने जैसा खतरनाक बताया जा रहा है। इस पर एक मनचले का कहना है कि यदि दिल्ली के पानी में शराब जैसे गुण आ जायें तो इसे आधिकारिक तौर पर स्वर्ग घोषित किया जा सकता है।*

# संघ को मानवता की दृष्टि से समझे

- ललित गर्ग

दक्षिण दिल्ली के जसोला में डॉ. हेडगेवार स्मारक न्यास एवं भगवान महावीर रिलीफ फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त प्रयासों से प्रारंभ हुए मेडी-डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक श्री मोहन भागवत ने भारत की समृद्ध संस्कृति एवं आध्यात्मिक जीवन शैली से न केवल नया भारत बल्कि दुनिया को उन्नत तरीके से निर्मित करने का संकल्प व्यक्त किया। संघ की स्थापना के शताब्दी दशक में दुनिया के सबसे बड़े संगठन के प्रमुख ने जिस सरलता-सहजता से भारत की माटी की विशेषताओं का वर्णन किया, वह एक विरल एवं अनूठी घटना कहीं जा सकती है। संघ को संघ की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता की दृष्टि से समझने के लिये यह अवसर यादगार एवं अविस्मरणीय बना।

भारत कोई भूमि का टुकड़ा या भूगोल का नक्शा नहीं है वरन् भारत एक जीवन दर्शन है, जीवंत संस्कृति है, वसुधैव कुटुम्बकम्, सर्वे भवंतु सुखिनः और जीयो और जीने दो का अमर संदेश है। अब हमारी पहचान किसी जाति, किसी पंथ या किसी धर्म के आधार पर नहीं वरन् भारतीयता के आधार पर होनी चाहिए। हमारा एक ही लक्ष्य हो- मैं अच्छा इंसान बनूंगा। हर अच्छा इंसान अपने आप में जीता-जागता भारत है। इसी सोच से जुड़ा है संघ का हिंदुत्व और हिंदू राष्ट्र का लक्ष्य। हिंदुत्व और हिंदू राष्ट्र इसी मूल सोच का विस्तार है, जिसके आधार पर विश्व के सबसे प्राचीन राष्ट्र के रूप में भारत की अलग पहचान बनी। जो सबके सुख के लिए अपने सुख को तिलांजलि दे सकता है। इस सृष्टि में जितने भी जीव-अजीव हैं, सबमें हम हैं और हममें सब हैं। यानी हम सब एक दूसरे में समाए हुए एक ही आत्मतत्व के अंग हैं। इसलिए किसी के बुरे की कामना वस्तुतः अपने ही लिए बुरे की कामना है।



हिन्दू, जैन, मुस्लिम, सिख, ईसाई रूपी नदियों से मिलकर बना भारत महासागर है। ये सारे धर्म ठीक वैसे ही है जैसे बगिया में खिले हुए अलग-अलग तरह के फूल जो बगिया की शोभा को घटाते नहीं वरन् बढ़ाते हैं। हम सभी धर्मों का एवं सभी धर्म के महापुरुषों का सम्मान करना सीखें। हिंदुत्व की इस व्यापक अवधारणा पर आधारित संघ अपना लक्ष्य भारत को ऐसा ही हिंदू राष्ट्र बनाना है, जो इस सभ्यता और संस्कृति को समृद्धि देने का माध्यम बने। इसका अर्थ है कि कोई किसी मजहब को मानता हो, किसी का रहन-सहन, वेश, भाषा, पूजा पद्धति कुछ भी हो, सब एक ही तत्व के अंग हैं, सब भारतीयता के अंग है। इसीलिए संघ ने समाज के हर क्षेत्र में संगठन खड़े किए, करीब 50 उप-संगठनों के साथ न केवल शिक्षा, संस्कार निर्माण बल्कि सेवा के विविध उपक्रम संचालित कर रहा है। लगभग सौ वर्ष पहले नागपुर के एक छोटे से मैदान से कुछ गिनती के लोगों के साथ जब डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की शाखा आरंभ की तो उस समय आज के इतने विराट स्वरूप की कल्पना उन्होंने नहीं की थी। लेकिन पवित्र उद्देश्यों के साथ प्रारंभ हुआ यह संगठन अनेक बाधाओं एवं प्रतिबंधों के बावजूद आज एक वटवृक्ष का रूप ले चुका है, जिस पर न केवल भारत की बल्कि दुनिया की नजरे टिकी है, चहुं ओर से एक स्वर सुनाई दे रहा है कि संघ ही नई दुनिया निर्मित करने में सक्षम है।

संघ अगले 100 वर्षों में भारतीय या हिंदुत्व दृष्टि के अनुरूप विश्व को सुविधावाद से संयम, हिंसा से अहिंसा, नफरत और वैरभाव से प्रेम की ओर ले जाकर सह-जीवन और साझेदारी की विश्व व्यवस्था कायम करने की भूमिका निभाना चाहता है। विश्व सभ्यतागत संकट का शिकार है। इसमें बदलाव लाने की शक्ति हिंदू दर्शन में है। मोहन भागवत कहते हैं कि हर व्यक्ति के पास सब कुछ नहीं हो सकता लेकिन सबको मिला दें तो सभी के लिए बहुत कुछ हो सकता है। यह प्राचीन भारत के सहकारी जीवन दर्शन का नया स्वरूप है। जातिवाद, अस्पृश्यता, दहेज, लिंगभेद और राजनीतिक वैरभाव इसमें मुख्य बाधाएं हैं। संघ यह मानता है कि हिंदू सभ्यता में जातिभेद, लिंग या किसी स्तर पर असमानता का कोई स्थान नहीं। इसे व्यवहार में उतारने के लिए सामाजिक परिवर्तन का अभियान कैसे चले, इस पर विचार करना चाहिए।

अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, राष्ट्रीय पहचान बनाने और अपने अस्तित्व को राष्ट्र एवं समाज के लिये उपयोगी बनाने के लिये मोहन भागवतजी का जसोला-उद्बोधन संघ के दृष्टिकोण से अवगत कराने का एक सशक्त माध्यम बना है। सेवा एवं परोपकारी गतिविधियों में संघ की सकारात्मक भूमिका को भी प्रभावी ढ़ंग से प्रस्तुति देने के साथ-साथ यह एक दस्तक है, एक आह्वान है जिससे न केवल सशक्त हिन्दुत्वमय भारत का निर्माण होगा, बल्कि इस अनूठे काम में लगे संघ, सरकार एवं सकारात्मक शक्तियों को लेकर बनी भ्रांतियों एवं गलतफहमियों के निराकरण का वातावरण भी बनेगा। राष्ट्रीयता, सामाजिकता एवं सेवामूलक प्रवृत्तियों से ओतप्रोत संकल्पों के इस उद्बोधन की ध्वनि-तरंगों की अनूठी दिव्यता ने समूचे राष्ट्र को अभिप्रेरित किया।

विशेषतः मोहन भागवत का यह विश्वास सामने आया कि जो सपने अब तक अधूरे हैं, वे भी पूरे होंगे। कैसे होंगे? इसकी प्रक्रिया भीतर-ही-भीतर चलती रहती है। एक दिन आता है, सपना सच बन जाता है और उसकी निष्पत्ति सामने आती है मेडी-डायलिसिस सेंटर जैसी सेवामूलक ईकाईयों के रूप में। संघ के सपनों का समाज बनना निश्चित ही असंख्य कार्यकर्ताओं को आत्मतोष देने वाला है। भागवत ने कहा कि हिन्दू संस्कृति है दर्शन है, विचारधारा है, उन्होंने कहा कि देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने और विविधताओं का सम्मान करने वाला हिन्दू है। संघ का मानना है कि जिनका सरोकार भारत की संस्कृति, परम्परा और आदर्शों से है, वे सब हिन्दू है। जब हिन्दुस्तान के कण-कण में हिन्दुत्व है तो इसे हिन्दुत्व राष्ट्र कहने एवं बनाने में दिक्कतें क्यों? भागवत ने भारत के भविष्य को लेकर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के साथ ही अपनी नीतियों, सेवा-प्रकल्पों, अपने क्रियाकलापों और उद्देश्यों के बारे में जिस तरह विस्तार से प्रकाश डाला उसके बाद कम-से-कम उन लोगों की उसके प्रति सोच बदलनी चाहिए जो उसे बिना जाने-समझे एवं तथाकथित पूर्वाग्रहों-दुराग्रहों के चलते एक खास खांचे में फिट करके देखते रहते हैं।

'खणं जाणाहि' भगवान महावीर के इस आदर्श सूक्त-समय का मूल्य आंको- की भांति डॉ. भागवत ने एक-एक क्षण को सार्थक और सफल बनाने का जीवन-सूत्र दिया। इससे संकल्प-शक्ति का विकास होता है। आस्था मजबूत होती है और व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के आसपास जनमती एवं पनपती बुराइयों-जीवन समस्याओं से बचने के लिये सुरक्षा कवच प्राप्त होता है। इस उद्बोधन का हार्द है सृजन-सेवा चेतना को जगाना। अनुकरण की प्रवृत्ति एक मूर्ख में भी हो सकती है, पर उसमें सृजन-सेवा की चेतना नहीं होती। संघ के कार्यकर्ता सृजनात्मक तरीके से नई शैली का विकास करें तो वे अपना वैशिट्य प्रमाणित कर सकते हैं। अपेक्षित है कि स्वयंसेवक विवेकजीवी बनें। वे भारतीय मनीषा तक पहुंचकर नई दृष्टि प्राप्त करें। वे इस बात को समझें कि अक्षर के बिना भी अक्षय की साधना हो सकती है। शब्दों की सिद्धि के बिना शब्द व्यर्थ हो जाते हैं। स्वयंसेवकों को करुणा की, सृजन की, सेवा की, राष्ट्र-निर्माण की लोकयात्रा को आगे बढ़ाना है, यही संघ की सार्थकता का आयाम है और संभवतः यही भागवतजी के उद्बोधन का आह्वान है।

विश्व के सबसे बड़े समाजसेवी-सांस्कृतिक-राष्ट्रीय संगठन की सोच जब सकारात्मक एवं सेवामूलक होती है, तब एक नया समाज-एक नया राष्ट्र निर्मित होता है। संघ के स्वयंसेवक अनेक स्थानों पर सकारात्मक-रचनात्मक प्रकल्प चला रहे हैं, जो रचनात्मकता-सृजनात्मकता का प्रस्फुटन है। सरसंघचालक से प्रेरणा-पाथेय प्राप्त कर अब संघ के कार्यकर्ता और ऊर्जा के साथ समाज में एक सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए जुटेंगे, यह विश्वास किया जा सकता है। संघ की विश्व दृष्टि इसी में निहित है। यह दृष्टि संपूर्ण विश्व के कल्याण के भाव से काम करने की है। संघ की प्रतिज्ञा में भारत माता को गुलामी से मुक्त कराने के लिए स्वयंसेवक बनने की बात थी, लेकिन अब स्वतंत्रता के बाद यह भारत को परम वैभव पर पहुंचाने एवं अच्छे-सच्चे इंसान गढ़ने में परिवर्तित हो गई।

# ऑडियो इंजीनियरिंग मे कम नहीं संभावनाएं



जब भी बात म्यूजिक से जु? करियर की होती है, तो सबसे पहले दिमाग में सिंगर की इमेज ही आती है, जबकि इस फील्ड में सिंगिंग के अलावा भी बहुत-से करियर ऑप्शंस मौजूद हैं। ऑडियो इंजीनियरिंग भी एक ऐसा ही ऑप्शन है। ऑडियो इंजीनियर के ऊपर म्यूजिक को मेलोडियस बनाने की जिम्मेदारी तो होती ही है, साथ ही वह रिकॉर्डिंग में इस्तेमाल होने वाले इक्विपमेंट्स के टेक्निकल पहलू का मूल्यांकन भी करते हैं। आप भी ऑडियो इंजीनियर के तौर पर अपना करियर बना सकते हैं।

### क्या है ऑडियो इंजीनियरिंग?

यह ऑडियो साइंस की ब्रांच है, जिसमें साउंड कैपचरिंग, रिकॉर्डिंग, कॉपीइंग, एडिटिंग, मिक्सिंग और इलेक्ट्रॉनिक व मैकेनिकल डिवाइसेज की मदद से साउंड रीप्रोड्यूसिंग शामिल है। इसमें प्रोडक्शन व पोस्ट प्रोडक्शन दोनों ही तरह के काम शामिल होते हैं। अपनी विशेषज्ञता के कारण ऑडियो इंजीनियर्स को साउंड मैनीपुलेटर भी कहा जाता है।

### कौन-से कोर्स करें?

इस फील्ड में सफल बनने के लिए आपको ऑडियोग्राफी की पढ़ाई करनी होती है, जिसमें साउंड रिकॉर्डिंग, एडिटिंग और मिक्सिंग के बारे में पढ़ाया जाता है। आप इंटरमीडिएट के बाद किसी अच्छे संस्थान से ऑडियो इंजीनियरिंग एंड डिजिटल फिल्म मेकिंग में बीए, साउंड रिकॉर्डिंग एंड साउंड इंजीयिरिंग में डिप्लोमा, ऑडियो इंजीनियरिंग में सर्टिफिकेट कोर्स या ऑडियोग्राफी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा जैसे कोर्सेज कर सकते हैं।

### कैसी है वर्क प्रोफाइल?

ये इंजीनियर्स हर तरह के साउंड वैरिएशन्स रिकॉर्ड करने के लिए उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं और रिकॉर्डेड साउंड्स को एडिट करते हैं। इसके अलावा ये प्रोफेशनल्स वीडियोज, सॉन्स, फिल्म्स, एडवर्टीजमेंट्स आदि में बैकग्राउंड स्कोर तैयार करने और रिकॉर्डेड म्यूजिक को पॉलिश करने का भी काम करते हैं। आप म्यूजिक स्टूडियोज में स्टूडियो इंजीनियर, साउंड रिकॉर्डिस्ट, ब्रॉडकास्ट इंजीनियर, साउंड एडिटर, म्यूजिक एडिटर, साउंड इफेक्ट्स एडिटर, साउंड डिजाइनर, प्रोग्रामर, मिक्स इंजीनियर के तौर पर करियर बना सकते हैं।

### कैसी होनी चाहिए स्किल्स?

इस फील्ड में करियर बनाने वाले युवाओं की संगीत में रुचि होना जरूरी है। साथ ही उनमें क्रिएटिविटी, टेक्निकल नॉलेज, मैकेनिकल व इलेक्ट्रॉनिक इक्विप्मेंट्स के साथ काम करने का एप्टिट्यूड, टीम स्पिरिट, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स और छोटी-से-छोटी साउंड की डीटेल्स को समझने की क्षमता होनी चाहिए।

### भविष्य की संभावनाएं

आप फिल्म इंडस्ट्री, एडवर्टीजमेंट हाउसेज, म्यूजिक इंडस्ट्री आदि से जुड़कर अपना करियर बना सकते हैं। एक बार अनुभव होने के बाद आप किसी विशेष फील्ड जैसे साउंड, म्यूजिक, स्पेशल इफेक्ट्स, डायलॉग आदि में स्पेशलाइजेशन भी कर सकते हैं। आप म्यूजिक प्रोड्यूसर बनकर खुद का रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी शुरू कर सकते हैं।

### सैलरी कितनी?



यह एक ऐसा करियर है, जिसमें आपको पैसे के साथ पहचान भी मिलेगी। ज्यादातर कंपनियां ऑडियो इंजीनियर्स को शुरुआत में 20,000 रुपए की सैलरी ऑफर करती हैं। अनुभव के साथ आपकी सैलरी भी बढ़ती है।



### प्रमुख संस्थान


- » फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पुणे
- » इंस्टीट्यूट ऑफ न्यू मीडिया डेवलपमेंट एंड रिसर्च, पुणे
- » एसएई टेक्नोलॉजी कॉलेज, चेन्नई
- » नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिल्म एंड फाइन आर्ट्स, कोलकाता
- » एडमेक मल्टीमीडिया इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
- » आरकेवी फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, चेन्नई
- » पनाश स्कूल ऑफ साउंड, हैदराबाद



# जेनेटिक विशेषज्ञ की बढ़ रही है मांग

जिस तरह क्लोन बनाने को लेकर काम हो रहा है, नई दवाइयां तैयार की जा रही हैं, ऐसे में जेनेटिक से जुड़े विशेषज्ञों की मांग बढ़ती जा रही है। इससे संबंधित बीटेक/बीएससी डिग्री अभी देश के किसी भी संस्थान में नहीं शुरू है लेकिन पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक करायी जा रही है। जेनेटिक इंजीनियरिंग से लैस कई उत्पाद आज बाजार में उपलब्ध हैं। यह विज्ञान की अत्याधुनिक ब्रांच है, जिसमें सजीव प्राणियों के डीएनए कोड में मौजूद जेनेटिक को अत्याधुनिक तकनीक के जरिए परिवर्तित किया जाता है।

जेनेटिक तकनीक द्वारा ही रोग प्रतिरोधक फसलें और सूखे में पैदा हो सकने वाली फसलों का उत्पादन किया जाता है। बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में जेनेटिक इंजीनियरिंग का इस्तेमाल बृहद पैमाने पर होता है। छात्र ने 12वीं लेवल पर फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स और बायोलॉजी का अध्ययन किया है, उनके लिए जेनेटिक इंजीनियरिंग का क्षेत्र बेहतरीन विकल्प है। वर्तमान दौर में जेनेटिक इंजीनियरिंग का स्कोप काफी बढ़ा है। यदि छात्र ने 12वीं लेवल पर फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स और बायोलॉजी का अध्ययन किया है। उनके लिए जेनेटिक इंजीनियरिंग का क्षेत्र बेहतरीन विकल्प है, लेकिन इस फील्ड में आगे तभी बढ़ा जा सकता है जब आप विषय को अच्छी तरह समझ सकें. तभी रोजगार भी मिल सकता है।



पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर के काफी कम संस्थान हैं जहां जेनेटिक की पढ़ाई होती है लेकिन अधिकतर संस्थानों में जेनेटिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई ग्रेजुएशन स्तर पर होती है और बीटेक संचालित किया जाता है। इसके तहत जेनेटिक मेकअप के अलावा विशिष्ट जींस का अध्ययन किया जाता है। जो छात्र जेनेटिक्स या जेनेटिक इंजीनियरिंग का अध्ययन करना चाहते हैं उन्हें गहरे तौर पर 12वीं स्तर पर फिजिक्स, केमेस्ट्री, मैथमेटिक्स और बायोलॉजी का अध्ययन करना चाहिए। जेनेटिक्स बायोटेक्नोलॉजी के व्यापक क्षेत्र का हिस्सा है।

बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री पूरी तरह जेनेटिक्स पर आधारित है क्योंकि इसी के जरिए फार्मास्यूटिकल्स के प्रोडक्ट मसलन, इंसुलिन या दूसरी दवाइयां बनती हैं। मेडिकल फील्ड में जेनेटिक्स का फोकस बीमारियों, बीमारियों के मॉल्यूक्युलर आधार और इससे बचाव पर होता है। औद्योगिक उत्पादन में बायोटेक्नोलॉजी अहम भूमिका निभाता है खासकर बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में। इसके दायरे में बायोलॉजी की तमाम शाखाएं मसलन माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, जेनेटिक्स और मॉलिकुलर बायोलॉजी के अलावा केमिकल और सिस्टम इंजीनियरिंग आते हैं।

अधिकतर विद्यालय जेनेटिक्स में अलग कोर्स संचालित नहीं करते बल्कि बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री जैसे स्ट्रीम के तहत सब्सिडियरी विषय के तौर पर संचालित करते हैं। बीटेक लेवल पर जेनेटिक इंजीनियरिंग के कोर्स काफी कम ही जगह संचालित किए जाते हैं। यही कारण है कि अधिकतर छात्र बायोटेक्नोलॉजी या बॉयोकेमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स में एडमिशन लेते हैं। दूसरा ऑप्शन यह है कि जेनेटिक्स, बॉयोलॉजिकल साइंस, लाइफ साइंसेज या बायोटेक्नोलॉजी में बीएससी की डिग्री हासिल करते हैं और तब जेनेटिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन।

### केरियर

यदि जेनेटिक से संबंधित डिग्री लेने के बाद आप वैज्ञानिक बनना चाहते हैं तो आपको डॉक्टोरल डिग्री लेनी होगी। रिसर्च और डेवलपमेंट ऑग्रेनाइजेशन, फार्मास्यूटिकल कंपनियों, बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्रीज के अलावा एकेडमिक इंस्टीटयूशन आदि में संभावनाएं हैं।

### संस्थान

किसी भी आईआईटी में जेनेटिक इंजीनियरिंग में बीटेक का कोर्स नहीं हैं. इसके बदले बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग प्रोग्राम ऑफर करते हैं। आईआईटी, चेन्नई में बायोटेक्नोलॉजी में बीटेक और पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक प्रोग्राम है। आईआईटी खड़गपुर में बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और पांच वर्षीय डयूएल एमटेक का कोर्स है। आईआईटी गुवाहाटी में बायोटेक्नोलॉजी में बीटेक कोर्स है। आईआईटी दिल्ली में बायोके मिकल इंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी में पांच वर्षीय डयूएल डिग्री एमटेक कोर्स संचालित किया जाता है. आईआई टी रुड़की में बॉयोटेक्नोलॉ जी में एमटेक कोर्स है। पुणे विविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी में एमएससी और एमटेक प्रोग्राम संचालित किये जाते हैं।

# फेसबुक के जरिए भी मिलेगी नौकरी

फेसबुक एक नया फीचर शुरू कर रहा है जो कि जॉब तलाश रहे लोगों को हाइरिंग मैनेजर सीधा जुड़ने की अनुमति देता है। यह अपडेट बिजनेस पेजेस को उसी तरह जॉब लिस्टिंग करने का मौका देता है जिस तरह वे स्टेटस अपडेट कम्पोज करते हैं। लिंकिंग, शेयरिंग, कमेंटिंग के अतिरिक्त, यूजर्स के पास उस पोजिशन के लिए अपलाई करने के लिए %श्चश्चद्य4 ह्श्2% बटन होता है। यह इच्छुक उम्मीदवारों को फेसबुक मैसेंजर का उपयोग कर आवेदन भरने और सबमिट करने की अनुमति देता है।

यह फीचर फेसबुक और जॉब सीकर्स के लिए फायदे का सौदा लग रहा है लेकिन बिजनेस नेटवर्क लिंक्डइन के साथ



फेसबुक टक्कर देने वाला है। लिंक्डइन जरूर इस खबर से खुश नहीं होगा क्योंकि इसका बड़ा रेवेन्यू जॉब लिस्टिंग से ही आता है। फेसबुक ने अपने ब्लॉग में कहा है कि कंपनी इन जॉब पेजेस के जरिए बिजनेस के लिए सही और काबिल कर्मचारी को हायर करने की प्रक्रिया को आसान बनाने की कोशिश कर रही है। फेसबुक मैसेंजर के जरिए पेज एडमिन जॉब पोस्ट क्रिएट कर सकता है, आवेदकों को ट्रैक और उनसे कम्यूनिकेट कर सकता है। वे टारगेट ऑडियंस के लिए जॉब प्रमोट भी कर सकते हैं। आवेदकों के न्यूज फीड में जॉब्स होंगे और वे उसे बुकमार्क भी कर सकते हैं।

# कंप्यूटर हार्डवेयर के क्षेत्र में कॅरियर की अपार संभावनाएं



मौजूदा दौर में कंप्यूटर के बिना किसी भी काम की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। आने वाले समय में इसकी जरूरत और ब?ेगी। जैसे-जैसे कंप्यूटर पर निर्भरता बढ़ेगी, उसी अनुपात में इसके रख-रखाव के लिए बेहतर प्रोफेशनल्स की डिमांड भी बढ़ेगी। छात्र कंप्यूटर हार्डवेयर का कोर्स करके अपना कॅरियर बना सकते हैं। पिछले दो दशक में अगर किसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा विकास और कामकाज को लेकर निर्भरता बढ़ी है तो वह कंप्यूटर है। दरअसल कंप्यूटर आज हर एक की जिंदगी में इस तरह से पैठ बना चुका है कि इसके बिना कोई काम नहीं हो सकता। यह संभव है कि आपको कंप्यूटर का संचालन करना नहीं आता हो लेकिन समय पड़ने पर इसे सीखना आवश्यक होता जा रहा है। ऐसे में कंप्यूटर का रख-रखाव भी अहम हो जाता है। जब भी कभी इसमें खराबी आ जाती है तो इसे ठीक करने का काम कंप्यूटर हार्डवेयर प्रोफेशनल्स करते हैं।

### कंप्यूटर हार्डवेयर क्या है

कंप्यूटर के कलपुर्जों को सम्मिलित रूप से हार्डवेयर कहा जाता है। हार्डवेयर तकनीक के अंतर्गत इसके निर्माण और रख-रखाव की जानकारी दी जाती है। इसे दो भागों में बांटा जा सकता है। कार्ड लेवल और चिप लेवल। दरअसल, सभी कंप्यूटर उपकरणों में कई तरह के कार्ड लगे होते हैं, जिनमें कई चिप होती हैं। पहले किसी भी चिप में कोई खराबी होने पर पूरे कार्ड को बदल दिया जाता था। इसे 'कार्ड लेवल हार्डवेयर तकनीक कहते हैं। इसमें लगने वाले कार्ड काफी महंगे होते हैं, इस कारण यह तकनीक काफी महंगी है। अब जब से कार्ड में लगे चिप को बदलने की तकनीक विकसित हो चुकी है तो कंप्यूटर में इससे संबंधित किसी भी तरह की खराबी आने पर कार्ड में लगे चिप को बदलकर ही खराबी दूर कर दी जाती है। कार्ड के मुकाबले चिप काफी सस्ती पड़ती है। इसके कारण यह तकनीक काफी लोकप्रिय है।

### योग्यता

कई पॉलिटेक्निक और निजी संस्थानों द्वारा चिप लेवल हार्डवेयर में डिप्लोमा का पाठ्यक्रम भी कराया जाता है। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की अवधि एक से तीन वर्ष के बीच होती है। इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए योग्यता बारहवीं पास है, जबकि पॉलिटेक्निक में दसवीं के बाद ही प्रवेश लिया जा सकता है। अधिकतर जगहों पर दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही होता है। कुछ निजी संस्थान बारहवीं के अंकों के आधार पर भी प्रवेश देते हैं। इस पाठ्यक्रम में सबसे पहले छात्रों को मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराया जाता है। इनमें कैपिसीटर, डायोड, ट्रांसफॉर्मर, आईसी और चिप की जानकारी दी जाती है। इसके बाद डिजिटल डिवाइस एसेंबलिंग, ड्राइव पावर सप्लाई, मॉनिटर, मदर बोर्ड, प्रिंटर, यूपीएस आदि की विस्तृत जानकारी दी जाती है। इसके अलावा छात्रों को विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, लैन व वैन के बारे में भी जानकारी दी जाती है।

### संभावनाएं

कंप्यूटर और उसके उपभोक्ताओं की लगातार बढ़ती संख्या के साथ ही हार्डवेयर इंजीनियरों की मांग भी काफी तेजी से बढ़ी है। निजी संस्थानों और कार्यालयों में कंप्यूटर के बिना काम करने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कंप्यूटर में थोड़ी-सी गड़बड़ी लाखों का नुकसान करा सकती है, इसलिए निजी कंपनियों और सरकारी कार्यालयों में पर्यास संख्या में हार्डवेयर प्रोफेशनल नियुक्त किए जाते हैं। घरों, दुकानों आदि में कंप्यूटर के बढ़ते प्रयोग के कारण स्वतंत्र रूप से रिपेयरिंग का काम करके काफी आमदनी की जा सकती है। आप हार्डवेयर अपग्रेडेशन में भी टेलीकॉम, मोबाइल और कंप्यूटर से संबंधित इलेक्ट्रॉनिक गुड्स के क्षेत्र में काम कर सकते हैं। साथ ही अगर आप नौकरी नहीं करना चाहते हैं तो खुद का व्यवसाय भी कर सकते हैं। यदि कुल मिलाकर कहा जाए तो कंप्यूटर हार्डवेयर में अवसरों की कोई कमी नहीं है।

# चुनौतियों से भरी जिंदगी में कामयाबी के लिए कुछ टिप्स



जीवन में बहुत से उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। कुछ घटनाएं आपके प्रतिकूल हो सकती हैं तो कुछ अनुकूल। इसलिए प्रतिकूल घटनाओं से विचलित नहीं होना चाहिए और हमें उन हालात को जहां तक संभव हो, अपनी ओर से बदलने की कोशिश करनी चाहिए। प्रतिकूल स्थितियां हमें जो अनुभव प्रदान करती हैं, वे ही भविष्य में हमारा हौसला बढ़ाती हैं। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप अपने कॅरियर में सफल हो सकती हैं।

» कालेज-आफिस में निर्धारित समय से पांच मिनट पहले ही पहुंचने की कोशिश करें। इससे आप हड़बड़ी से बची रहेंगी और व्यर्थ की टेंशन नहीं रहेगी।

» अपना सभी कार्य वक्त पर पूरा करें। किसी कार्य को पेंडिंग में न रखें।

» पढ़ाई के प्रति समर्पण की भावना और अनुशासन आपके व्यक्तित्व को गरिमा प्रदान करते हैं और आपकी सफलता का मार्ग आसान बना देते हैं।

» आलसीपन छोड़कर अपने कार्य को मुस्कराते हुए करें तो वह काम बोझ नहीं लगेगा और आपको आनंद प्रदान करेगा।

» जब तक बहुत इमरजेंसी न हो, अपना काम स्वयं पूरा करें उसे दूसरों पर न डालें। सबसे विनम्रता से बोलें एवं अच्छा व्यवहार करें। कोई कटुता से भी पेश आए तो उसे विनम्रता से समझा दें, उसकी बात पर क्रोधित न हों।

» आपके साथी को अच्छे नबंर मिले तो उसे बधाई दें। उससे जलन महसूस न करें।

» अपने काम से काम रखें दूसरों के मामलों में बेवजह दखल न दें। अगर कोई आपकी राय पूछे तभी दें।

» कोई आपको शुभकार्य, जन्मदिवस आदि पर आमंत्रित करे तो अनुकूल उपहार लेकर जाएं। अगर किसी कारणवश न जा सकें तो विनम्रता से सूचित कर दें।

» आप किसी वजह से परेशान, उलझन में या दुख में हों तो भी चेहरे पर मुस्कुराहट रखें।

» कोई आपकी सही समय पर मदद करे तो उसे धन्यवाद जरूर दें। अगर संभव हो तो एक छोटा सा गिफ्ट भी दे सकती हैं। यह भविष्य में आपके लिए लाभदायक होगा।

» बिना वजह गपशप कर समय को न गंवाएं। यह कहावत तो आपने भी सुनी ही होगी कि दीवारों के भी कान होते हैं।

» कोई भड़काए, आपकी सहनशक्ति की परीक्षा ले तो आगबबूला न हों। शांत मन से उसकी बात सुनें। फिर सोच-समझकर जवाब दें। कुछ लोग बड़े चालाक होते हैं, वे अपना उल्लू सीधा करने के लिए जान-बूझकर दूसरों को फंसाने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों के बहकावे में मत आएं।

» आप अपना काम सही ढंग से पूरा करके सबकी नजरों में एक आदर्श मिसाल बन सकती हैं।

# अब मारुति सुजुकी तैयार करेगी बेहतर ड्राइवर्स, देगी 800 युवाओं को ट्रेनिंग

- ये ट्रेनिंग बहादुरगढ़ और रोहतक में मारुति के इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) में होगी

■ दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि वह चालू वित्त वर्ष में 800 ड्राइवर्स को ट्रेनिंग देगी।

ये कार कंपनी हरियाणा सरकार के साथ संयुक्त कार्यक्रम के रूप में करेगी। मारुति सुजुकी ने हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) के तहत चालक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है।



### क्या है इस कार्यक्रम का मकसद

ये ट्रेनिंग बहादुरगढ़ और रोहतक में कंपनी के इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) में होगी। कंपनी का एचएसडीएम के साथ गठजोड़ का मकसद बेहतर ड्राइवर तैयार करना और राज्य की सड़कों को सुरक्षित बनाना है। बहादुरगढ़ और रोहतक में स्थित संस्थान मारुति सुजुकी और हरियाणा परिवहन विभाग की ज्वाइंट वेंचर है।

### पहले चरण में 800 युवाओं को दी जाएगी ट्रेनिंग

एमएसआई के कार्यकारी सलाहकार (कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी) अजय कुमार तोमर ने कहा कि ड्राइवरों को व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें गाड़ी चलाने के साथ अच्छा आचरण भी शामिल है। हमारी सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण और बेहतर आचरण महत्वपूर्ण है। कंपनी ने कहा कि पहले चरण में करीब 800 युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी।

एमजेआरपी विवि में नेशनल कॉन्फ्रेंस

## सकारात्मक सोच से घटती है टेंशन, सामूहिक जिम्मेदारी से स्वस्थ और साफ होगा पर्यावरण : जस्टिस शर्मा

■ दैनिक जलतेदीप, जयपुर

महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय, जयपुर की ओर से अचरोल स्थित विवि कैम्पस में इनोवेशन एंड एडवांसमेंट इन डिफरेंट स्ट्रीम्स ऑफहायर एज्युकेशन विषय पर चल रही चार दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन विषेषज्ञों ने मंथन किया।

कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शुक्रवार को एमजेआरपी एकेडमी ऑफ लॉ की ओर से हेल्थी एंड क्लीन एनवायरमेंटः ए ह्यूमन राइट विषय पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता राजस्थान ह्यूमन राइट्स के चेयरमैन जस्टिस महेश चंद शर्मा ने थे।

जस्टिस शर्मा ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना मानवीयता है। यह मानवीयता संस्कारों से आती है। सकारात्मक सोच हमारी टेंशन कम करती है, जबकि नकारात्मक सोच टेंशन को बढ़ाती है।

# बजाज ऑटो का चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च

- बजाज ऑटो, द वर्ल्ड्स फेवरेट इंडियन ने बहुप्रतीक्षित नए चेतक की औपचारिक लॉन्च की घोषणा राजीव बजाज मैनेजिंग डायरेक्टर, बजाज ऑटो लिमिटेड और राकेश शर्मा, कार्यकारी निदेशक की मौजूदगी में की

■ दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, मुम्बई



बजाज ऑटो, द वर्ल्ड्स फेवरेट इंडियन ने बहुप्रतीक्षित नए चेतक की औपचारिक लॉन्च की घोषणा राजीव बजाज मैनेजिंग डायरेक्टर, बजाज ऑटो लिमिटेड और राकेश शर्मा, कार्यकारी निदेशक की मौजूदगी में की।

चेतक अब जनवरी 2020 के अंत तक पुणे और बंगलौर के चुनिंदा केटीएम शोरूम पर टेस्ट-राइड के साथ बुकिंग के लिए उपलब्ध है। यह दो वेरिएंट अर्बन और प्रीमियम, विभिन्न रंग और वर्ग-अग्रणी विशेषताओं के साथ उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त, पैकेज के साथ एक सुंदर होम-चार्जिंग स्टेशन भी शामिल है। कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा के अनुसार, एक आधुनिक इलेक्ट्रिक अवतार में लीजेंडरी चेतक की वापसी वास्तव में बजाज ऑटो में हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने आगे कहा कि 15 जनवरी से चेतक 2 शहरों में उपलब्ध होगी और यह टू व्हीलर मोबिलिटी में एक नए युग की शुरुआत करेगा। हमें पूरा विश्वास है कि चेतक स्वच्छ तकनीक से संचालित, सुरुचिपूर्ण और एक रमणीय स्वामित्व अनुभव के बिल्कुल नए बेंचमार्क स्थापित करेगी, जो व्यक्तिगत रूप से आने और हमारा कल का निर्माण करने का एक बेहतरीन अनुभव है।

## यूएन ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 7.6 प्रतिशत से घटाकर 5.7 प्रतिशत किया

■ दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, नई दिल्ली

नई दिल्ली. यूनाइटेड नेशंस (संयुक्त राष्ट्र) ने 2019-20 में भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 7.6 प्रतिशत से घटाकर 5.7 प्रतिशत कर दिया है। यूएन ऐसी 7वीं संस्था है, जिसने भारत का ग्रोथ प्रोजेक्शन घटाया है। इससे पहले वर्ल्ड बैंक, आरबीआई, एसबीआई, एडीबी, मूडीज और नॉमूरा ने भी ग्रोथ प्रोजेक्शन कम किया था। हालांकि, यूएन का अनुमान सरकार और आरबीआई के 5 प्रतिशत के अनुमान से 0.7 प्रतिशत ज्यादा है। यूएन का प्रोजेक्शन ऐसे समय सामने आया है, जब चीन ने भी विकास दर के आंकड़े जारी किए हैं। अमेरिका से ट्रेड वॉर की वजह से चीन की ग्रोथ 2019 में 6.1 प्रतिशत रही। यह 29 साल में सबसे कम है। फिर भी भारत की अनुमानित ग्रोथ से 1.1 प्रतिशत ज्यादा है।

## रिलायंस जियो का लाभ 62 फीसदी बढ़ा

दिसंबर तिमाही में लाभ रहा 1,350 करोड़

■ दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, नई दिल्ली

रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड देश की प्रमुख और लाभ में चल रही टेलिकॉम कंपनी बन गई है। रिलायंस जियो को वित्त वर्ष 2019-20 की दिसंबर तिमाही में 1,350 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। साल दर साल ये लाभ 62.5 फीसदी अधिक है। रिलायंस जियो का डेटा का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। कंपनी का रेवेन्यू साल दर साल 28.3 फीसदी बढ़कर 13,968 करोड़ हो गया है।

रिलायंस जियो ने एक साल पहले इसी तिमाही में 831 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने अपने परिचालन राजस्व में 28.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो कि 13,968 करोड़ रुपये थी, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 10,884 करोड़ रुपये थी। आरआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो ने अपनी अभूतपूर्व विकास यात्रा को जारी रखा है।

## बांसवाड़ा में फ्यूज़न माइक्रोफाइनेंस ने किया डिजिटल साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम

■ दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, बांसवाड़ा

फ्यूज़न माइक्रोफाइनेंस ने 10 जनवरी को बांसवाड़ा के होटल रिलैक्स इन में डिजिटल साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम इससे पहले राजस्थान के मेड़ता, जोधपुर और मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में आयोजित किए गए थे।

इस कार्यक्रम में लगभग 180 महिलाओं ने भाग लिया और उसमें मिली जानकारी का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले अतिथिगणों में नगर परिषद के अध्यक्ष जैनेंद्र त्रिवेदी जी, हॉउसिंग बोर्ड के पार्षद विक्की सिंघानिया जी, डिवीज़न मैनेजर आकाश सेन, सीनियर मैनेजर सुनील खटोड़ जी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को नकदी लेनदेन कम करके कैश-लेस लेनदेन के तरीके अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विभिन्न माध्यमों में, आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, यू पी आई, इ-वॉलेट, यू.अस.अस.डी, ऐ.टीम कार्ड आदि शामिल हैं, जिनके विषय में जानकारी दी गई। डिजिटल बैंकिंग ग्राहकों को कहीं भी और कभी भी बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराती है, इससे उनकी ऊर्जा, समय और पैसे की बचत होती है। एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग, टैब बैंकिंग, सेल्फ सर्विस इत्यादि डिजिटल बैंकिंग के माध्यम है।

फ्यूज़न ने अपनी जिम्मेदारियों को केवल वित्तीय लेनदेन तक सीमित नही रखा है बल्कि यह अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी



(सी.एस.आर) के द्वारा अपना निरंतर योगदान देती आ रही है । कंपनी ने अन्य राज्यों में विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम जैसे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर , वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम, कौशल विकास कार्यक्रम, व्हीलचेयर वितरण, राहत कार्य, शौचालय निर्माण कार्यक्रम आदि भी करवाएं है ।

इस मौके पर फ्यूज़न माइक्रोफाइनेंस कंपनी के प्रमुख आकाश सेन (डिवीज़न मैनेजर), सुनील खटोड़ (एरिया मैनेजर ) संदीप सिंह (असिस्टेंट मैनेजर), कृष्णा मालवीय ( ब्रांच मैनेजर), सुरेंद्र सिंह, सौरभ शर्मा, राजकुमार नागर एवं समस्त ब्रांच कर्मचारी मौजूद थे।

फ्यूज़न माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया से पंजीकृत एक गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था है। फ्यूज़न समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्ग तथा दूर दराज के गांवों व् कस्बों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के महिला उधमियों को ऋण प्रदान करती है।

## नई पीढ़ी के युवाओं के प्रति बेहद उत्साहित है किलर जीन्स, मिला यूथ ब्रांड का दर्जा

■ दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, जयपुर

किलर जीन्स के मालिक तथा देश में ब्रांडेड परिधानों के अग्रणी समूह के तौर पर प्रतिष्ठित, केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड (किलर जीन्स) नई पीढ़ी के युवाओं को लेकर बेहद उत्साहित है, साथ ही अपने स्वयं के स्टोर्स के अलावा बड़े फॉर्मेट वाले स्टोर्स एवं एमबीओएस में ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में युवाओं के आगमन के लिए प्रयासरत है।

तेज़ गति से हो रहे वैश्वीकरण, नई पीढ़ी के युवाओं में ब्रांड के प्रति बढ़ती जागरूकता तथा फैशन की समझ में वृद्धि जैसे कारकों की वजह से भारत में उच्च संभावनाओं वाले बाज़ार का विस्तार हो रहा है। नई पीढ़ी के युवाओं के पास अतिरिक्त खर्च के लिए आय बढ़ रही है, तथा वे स्वतंत्र और अपनी पसंद के अनुरूप लाइफस्टाइल अपनाने को इच्छुक हैं। नई पीढ़ी के युवा दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

मेन्स वेयर डेनिम की बात की जाए, तो इसमें लाइफ़स्टाइल ब्रांड किलर पिछले तीन दशकों से सबसे आगे रहा है और यह ब्रांड फ्लिपकार्ट और टाटा-क्लिक जैसी प्रमुख ई-कॉमर्स वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ब्लॉसम कोचर अरोमा मैजिक ने जयपुर में

## नए अरोमाथैरेपी स्किनकेयर प्रोडक्ट किया लॉन्च

■ दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, जयपुर

अरोमा थेरेपी में अग्रणी ब्रांड ब्लॉसम कोचर अरोमा मैजिक ने आज जयपुर में अपने नये प्रोडक्ट अरोमाथेरेपी



स्किनकेयर एवं हेयरकेयर लांच किए। डॉ. ब्लॉसम कोचर का प्रकृति के प्रति प्रेम और उनकी फिलोसॉफी 'हमारे खाने की तरह त्वचा पर लगाने वाले प्रोडक्ट भी प्राकृतिक होने चाहिए' को ध्यान में रखते हुए उन्होने अरोमाथेरेपी ब्यूटी और वेलनेस प्रोडक्ट्स-ब्लॉसम कोचर अरोमा मैजिक की नींव रखी। यह मानते हुए कि सच्ची सुन्दरता समग्र है और आंतरिक और बाहरी दोनों प्रकार की सुंदरता पर निर्भर करती है, कम्पनी ने अपने मौजूदा 170 से अधिक उत्पादों में शामिल करते हुए शहर में इन्हें लांच किया है। ब्रांड ने एक्सक्लूसिव अरोमाथेरेपी इन्फ्यूज्ड हिना, ऑयली स्कैल्प बैलेंसिंग टोनर और प्रो एक्सप्रेस रेंज में से ग्लोइंग स्किन किट लॉन्च किया है जो व्यक्ति को सुन्दर और आत्मविश्वासी महसूस करने में मदद करता है।

'हीरोज़ ऑफ ओला' प्रोग्राम की मदद से

## ओला के 200 मिलियन उपभोक्ता ड्राइवर-पार्टनर्स के साथ हुए अपने प्रेरणादायक अनुभव और कहानियां साझा करेंगे

■ दैनिक जलतेदीप, प्रेवि, जयपुर

भारत की सबसे बड़ी राइड-हेलिंग कंपनियों में से एक, ओला ने आज 'हीरोज़ ऑफ ओला' कार्यक्रम को लॉन्च करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम के तहत उन ड्राइवर पार्टनर्स के प्रयासों की पहचान की गई, जिन्होंने अपने छोटे-बड़े कार्यों से ड्यूटी के दायरे से बाहर जाकर ईमानदारी, मानवता और इंसानियत की मिसाल कायम की। कंपनी अलग-अलग प्लेटफॉर्म के माध्यूम से 200 मिलियन से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है ताकि उन्हें ओला ड्राइवर पार्टनर्स के साथ अपने अनुभवों को साझा करने में सक्षम किया जा सके। ये अनुभव प्रधान प्रेरणा देने वाली कहानियां ओला कैब के उन ड्राइवर-पाटर्नरों पर बेस्ड होंगी, जिन्होंने ड्यूटी के समय उपभोक्ताओं को शानदार सर्विस देने में असाधारण तत्परता का परिचय दिया। ओला ने इस लॉन्चम कैंपेन के एक हिस्से के रूप में, एक डिजिटल फिल्म जारी की है, जिसमें खासतौर पर यह दिखाया गया कि रोजमर्रा के जीवन की कड़ी चुनौतियों, समस्याओं और कड़ी मेहनत के बावजूद ओला के ड्राइवर पार्टनर्स असल जिंदगी में कैसे हीरो बनकर उभरते हैं। इस फिल्म में ओला कैब के ड्राइवर पार्टनर्स की जिम्मेदारी और धीरज की भावना को दिखाया गया है।



# भारत राजकोट में पहली बार जीता

- कुलदीप सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले भारतीय स्पिनर
- भारत ने पहले 340 रन बनाए, ऑस्ट्रेलियाई टीम 49.1 ओवर में 304 रन पर ऑलआउट हो गई
- मैच दो बल्लेबाज शतक से चूके, पहले धवन 96 रन पर आउट फिर स्मिथ 98 पर पवेलियन लौटे
- तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर, आखिरी मैच 19 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा

■ एजेंसी, राजकोट

भारत ने तीन वनडे की सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 36 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही उसने तीन वनडे की सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। राजकोट में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 340 रन बनाए।



ऑस्ट्रेलियाई टीम 49.1 ओवर में 304 रन पर सिमट गई। इस मैदान पर तीन वनडे में टीम इंडिया की ये पहले जीत है। इससे पहले 2013 में इंग्लैंड और 2015 में दक्षिण अफ्रीका ने हराया था।

भारतीय स्पिनर ने मैच में दो विकेट लिए। उन्होंने इस दौरान वनडे में अपने 100 विकेट पूरे किए। कुलदीप सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले भारतीय स्पिनर बने। उन्होंने 58वें वनडे में इस उपलब्धि को हासिल किया। उनसे आगे अफगानिस्तान के राशिद खान (44 मैच) और पाकिस्तान के सकलैन मुश्ताक (53 मैच) हैं। कुलदीप ने इमरान ताहिर की बराबरी की। उन्होंने हरभजन सिंह (76 मैच) को पीछे छोड़ा।

कुलदीप ने एक ही ओवर में स्मिथ और कैरी को आउट किया

स्टीव स्मिथ शतक लगाने से चूक गए। वे 98 रन पर कुलदीप की गेंद पर बोल्ड हो गए। कुलदीप ने एलेक्स कैरी (18) को आउट कर वनडे में अपने 100 विकेट पूरे किए। एश्टन टर्नर (13) और पैट कमिंस (0) को शमी ने बोल्ड किया। स्मिथ ने मार्नश लबुशाने के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की। लबुशाने 46 रन बनाकर जडेजा की गेंद पर आउट हो गए। कुलदीप ने 13वीं बार एक ओवर में दो या उससे ज्यादा विकेट लिए।

### वॉर्नर और फिंच बड़ी पारी नहीं खेल सके

डेविड वॉर्नर 15 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। शमी की गेंद पर मनीष पांडेय ने उनका कैच लिया। मनीष ने कवर एरिया में हवा में उछलकर एक हाथ से यह कैच लिया। एरॉन फिंच (33) को जडेजा ने राहुल से स्टंप आउट किया।

### जम्पा ने वनडे में कोहली को पांचवीं बार आउट किया

शिखर धवन ने 96, लोकेश राहुल ने 80 और विराट कोहली ने 78 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा ने तीन विकेट लिए। उन्होंने वनडे में कोहली को पांचवीं बार आउट किया। वे भारतीय कप्तान के खिलाफ सबसे सफल स्पिनर बन गए। उनसे ज्यादा वेस्टइंडीज के रवि रामपाल ने 6 बार आउट किया, लेकिन वे तेज गेंदबाज हैं।

### कोहली का 56 और राहुल का छठा अर्धशतक

शिखर धवन अपने 18वें शतक से चूक गए। राहुल ने करियर का छठा और कोहली ने 56वां अर्धशतक लगाया। श्रेयस अय्यर को एडम जम्पा ने 7 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। मनीष पांडेय (2) को केन रिचर्डसन ने आउट किया। रविंद्र जडेजा 20 और मोहम्मद शमी एक रन बनाकर नाबाद रहे।

## सानिया होबार्ट इंटरनेशनल महिला युगल फाइनल में

■ एजेंसी, होबार्ट

भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा यूक्रेन की नादिया किचेनोक के साथ होबार्ट इंटरनेशनल महिला युगल फाइनल में पहुंच गई। सानिया और किचेनोक ने स्लोवेनिया की तमारा जिदांसेक और चेक गणराज्य की मारि बूजकोवा को एक घंटे 24 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 7-6, 6-2 से मात दी।



सानिया और किचेनोक की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की शुआइ पेंग और शुआइ झांग से खेलेगी। चीनी जोड़ी को वाकओवर मिला जब बेल्जियम की कर्स्टन फ्लिपकेंस और एलिसन वान ने चोट के कारण सेमीफाइनल मुकाबला छोड़ दिया। सानिया और उनकी जोड़ीदार को पहले सेट में काफी संघर्ष करना पड़ा लेकिन दूसरा सेट आसान रहा। पहले सेट में मुकाबला बराबरी का था और स्कोर 6-6 रहने पर टाइब्रेकर तक खिंचा। टाइब्रेकर में सानिया और किचेनोक ने जीत दर्ज की। दूसरे सेट में सानिया और किचेनोक ने विरोधी की सर्विस तीन बार तोड़कर आसानी से जीत दर्ज की। उन दोनों ने 11 में से चार ब्रेक पॉइंट भुनाए जबकि विरोधी टीम पांच में से दो ही तब्दील कर सकी।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज भी बजाज आलियांज लाइफ की पहल 'प्लैंक फॉर इंडिया' से जुड़ीं

- भारत के उभरते खेल सितारों का समर्थन करने का मकसद

■ एजेंसी, पूणे

भारतीय क्रिकेट की लीजैंड और महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज भी 'प्लैंक फॉर इंडिया' चैलेंज को स्वीकार करते हुए बजाज आलियांज लाइफके प्लैंकथॉन मूवमेंट से जुड़ गई हैं। रुप्लैंक फॉर इंडिया पहल भारत के उभरते खेल सितारों का समर्थन करती है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दुनिया में 20 साल का सफर पूरा करने वाली मिताली राज ने प्लैंक करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है जिसने उनके हजारों प्रशंसकों को रुप्लैंक फॉर इंडिया चैलेंज स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया है और इस तरह वे भारत के उभरते खेल सितारों के प्रति अपना सपोर्ट जाहिर करते हैं।

प्रत्येक परफॉर्म किए गए प्लैंक को लेकर बजाज आलियांज लाइफ भारत के उभरते हुए खेल सितारों के प्रशिक्षण और विकास के लिए मौद्रिक योगदान देगा।

' प्लैंक फॉर इंडिया' मूवमेंट को अधिक प्रचारित करने और इसके संदेश को दर्शकों के अधिक व्यापक वर्ग तक ले जाने के लिए, बजाज



एलियांज लाइफने एक वीडियो अपने सोशल मीडिया चैनलों पर जारी किया।

अपनी इस पहल को और ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए और एक सेहतमंद जीवन के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए 26 जनवरी 2020 को कंपनी बजाज आलियांज लाइफ प्लैंकथॉन के दूसरे चरण का आयोजन मुंबई में करेगी।

### बजाज आलियाज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के बारे में

बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है। यह बजाज समूह के व्यवसायों की वित्तीय सेवाओं के लिए होल्डिंग कंपनी बजाज फिनसर्व लिमिटेड और दुनिया के सबसे बड़े परिसंपत्ति आलियांज एसई के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

बजाज आलियांज लाइफइंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने 2001 में अपने परिचालन शुरू किया और 31 दिसंबर, 2019 तक 582 शाखाओं, 80,000 एजेंट्स, भरोसेमंद पाटर्नर्स और अपने ऑनलाइन सेल्स चैनल के साथ कंपनी की मौजूदगी देशभर में है। 'लाइफगोल्स डन' कंपनी का ब्रांड प्रॉमिस है। अपने कुछ न्यूएज यूलिप में आरओएमसी (रिटर्न ऑफ मॉर्टिलिटी चार्ज ) सहित नवीन बीमा समाधान लॉन्च करने वाली कंपनी, ऐसा करने वाली पहली कंपनी बन गई है। बजाज आलियांज लाइफने ग्राहकों को खुश करने के लिए तकनीक-सक्षम अत्याधुनिक सेवाओं की पेशकश करने के लिए लगातार खुद को रूपांतरित किया है। कंपनी कई विशिष्ट प्लेटफार्मों के माध्यम से ग्राहकों के साथ जुड़ना जारी रखे हुए है और बजाज आलियांज लाइफप्लैंकथॉन 2018 के साथ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में एक जगह बनाई है।

## फार्म में चल रहे राशिद शीर्ष 10 में, पांच भारतीयों ने कट में जगह बनायी

■ एजेंसी, सेंटोसा (सिंगापुर)

भारतीय गोल्फर राशिद खान ने शुक्रवार को यहां एसएमबीसी सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में पांच अंडर 66 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाले राशिद शीर्ष पर चल रहे गत चैम्पियन जैज जानेवाटानानोंद से छह शाट पीछे हैं। राशिद के अलावा चार अन्य भारतीय गोल्फरों ने कट में जगह बनायी जिसमें राहिल गंगजी संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। एसएसपी चौरसिया, शिव कपूर और खालिन जोशी संयुक्त रूप से 52वें स्थान पर हैं। आठ भारतीय कट में जगह बनाने से चूक गये।

ऑस्ट्रेलियन ओपनः

## नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर एक ही हाफ में

■ एजेंसी, मेलबर्न

स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर और मौजूदा विजेता, वर्ल्ड नम्बर-1 नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। साल के पहले ग्रैंड स्लैम का ड्रॉ शुक्रवार को जारी किया गया। इन दोनों खिलाड़ियों को एक ही हाफ में रखा गया है। वहीं, वर्ल्ड नंबर-1 स्पेन के राफेल नडाल के लिए लिए ऑस्ट्रेलिया के ही निक किर्जियोस, डोमिनिक थीम, रूस के डेनिल मेदवेदेव खतरा बन सकते हैं।

फेडरर पहले दौर में अमेरिका के स्टीव जॉनसन का सामना करेंगे और दूसरे राउंड में सर्बिया के फिलिप क्राजिनोविक से उनका सामना हो सकता है। वहीं नडाल को पहले राउंड के मैच में बोलीविया के ह्यूगो डेलिन का सामना करना पड़ेगा। दूसरे राउंड में ब्राजील के जो विलफ्राइड सोंगा उनके सामने आ सकते हैं। अगर सीड के हिसाब से सब कुछ चला तो थीम और मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में नडाल के सामने आ सकते हैं। इस हाफ में स्विट्जरलैंड के स्टान वावरिंका और जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## भारत ने महिला हाकी टीम के लिये शापमैन को विश्लेषण कोच नियुक्त किया

■ एजेंसी, नई दिल्ली


भारत ने तोक्यो ओलंपिक से पहले हाकी टीम के सहयोगी स्टाफ को मजबूत करने के लिये शुक्रवार को ओलंपिक स्वर्ण पदकधारी यांके शॉपमैन को महिला टीम का विश्लेषण कोच नियुक्त किया। नीदरलैंड की यह पूर्व स्टार खिलाड़ी उस टीम का हिस्सा थीं जिसने 2008 बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक और 2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक जीता था। यांके शनिवार को बेंगलुरू में साई सेंटर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में टीम से जुड़ जायेंगी। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सत्र के शुरूआती मैच के लिये टीम के साथ रहेंगी जिसमें भारत मेजबान और ब्रिटेन से खेलेगा।

## बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल अकादमी ने जयपुर में ट्रायल की घोषणा की

## जयपुर में ट्रायल स्पोटर्स यूनियन फुटबाल ग्राउंड, आदर्श नगर में रविवार को बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल अकादमी के लिए होंगे ट्रायल

■ जलतेदीप संवाददाता, जयपुर

बीबीएफएस आवासीय अकादमी, बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूलों (बीबीएफएस) की एक प्रमुख



पहल ने वर्ष 2020 के लिए ट्रायल की घोषणा की। जयपुर में ट्रायल स्पोटर्स यूनियन फुटबाल ग्राउंड, आदर्श नगर में रविवार 19 जनवरी को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। आवासीय अकादमी के लिए प्रवेश 2003-2010 के बीच जन्मे खिलाड़ियों के लिए खुला रहेगा, और चयनित खिलाड़ियों को अकादमी में प्रवेश दिया जाएगा, जो एकीकृत फुटबॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ सीबीएसई स्कूली शिक्षा प्रदान करता है।

भारत में बीबीएफएस अकादमी अनिवार्य रूप से प्रतिभाशाली युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ इन क्लास फुटबॉल प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपने शिक्षाविदों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। एक आवासीय अकादमी का लाभ शिक्षा और प्रशिक्षण के संयोजन से परे है, लेकिन युवा नवोदित खिलाड़ियों के कई अन्य पहलुओं पर भी गौर करता है, जसमें उनके आहार, शारीरिक विकास की निगरानी, निश्चित प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन और करियर मार्गदर्शन शामिल हैं। बीबीएफएस आवासीय अकादमी में प्रवेश के लिए ट्रायल मुंबई, अहमदाबाद, बैंगलोर, कोच्चि, चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना, कालीकट, पुणे, हैदराबाद, लखनऊ, गुवाहाटी, शिलांग साथ ही मणिपुर के राज्य मिजोरम और नागालैंड सहित पूरे भारत के 35 शहरों में आयोजित किए जा रहे हैं। बीबीएफएस एक महान भारतीय फुटबॉलर का सपना है, बाईचुंग भूटिया उच्च गुणवत्ता की कोचिंग और प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे की पेशकश करके खेल को जमीनी स्तर पर बढ़ाते हैं। इस अवसर पर, बाईचुंग भूटिया, संस्थापक बीबीएफएस ने कहा कि फुटबॉल एक हाई एक्शन गेम है। इसके लिए अथक अभ्यास, दृढ़ संकल्प, धैर्य और जुनून की आवश्यकता होती है। लेकिन यह बिलकुल भी नहीं है कि उच्च गुणवत्ता कोचिंग और प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के साथ शुरू करने के लिए आधारभूत कार्य, जिसकी आज देश में कमी है। हमने बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण के तरीकों के मामले में अन्य एशियाई देशों के साथ तालमेल नहीं रखा है।

# राज्यपाल मिश्र ने जलयोद्धा वाहिनी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

जलतेदीप कासं, जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन से भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो, जयपुर द्वारा जल संरक्षण अभियान के प्रचार प्रसार के लिए विशेष रूप से तैयार डिजिटल मल्टी मीडिया प्रदर्शनी वाहनों जलयोद्धा प्रचार वाहिनी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष प्रचार वाहन जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ, प्रतापगढ़, डूँगरपुर, बांसवाड़ा और उदयपुर जिलों में आम लोगों को जल संरक्षण के महत्व और उपायों की जानकारी देंगे।







राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदर्शनी वाहन का अवलोकन किया और प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो द्वारा जल संरक्षण की थीम पर तैयार किये गये कैलेण्डर का विमोचन भी किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर ब्यूरो द्वारा आरंभ किये गये जल संरक्षण अभियान की सराहना की। प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो, जयपुर की निदेशक ऋतु शुक्ला ने राज्यपाल को इस विशेष प्रचार अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के विभिन्न जिलों में प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो, जयपुर द्वारा जल संरक्षण के बारे में जनचेतना फैलाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।राज्यपाल द्वारा जारी कैलेण्डर में भी घरेलू और कृषि क्षेत्र में जल संरक्षण की विधियों की जानकारी दी गयी है।

ऋतु शुक्ला ने राज्यपाल को एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि इस अभियान के तहत राजस्थान असम का सहयोगी प्रदेश है तथा प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो राजस्थान में अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को असम की संस्कृति, साहित्य और परम्पराओं से परिचित करवा रहा है। उन्होने राज्यपाल को असमिया लेखकों की हिन्दी में अनूदित पुस्तकों का एक सैट भेंट किया। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जयपुर में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारीगण और राज्यपाल के सचिव सुबीर कुमार,राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## रोजगार सृजन में एमएसएमई का प्रमुख योगदान : सुबोध अग्रवाल

जलतेदीप कासं, जयपुर

उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि एमएसएमई सेक्टर की रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण ही राज्य में सरकारी खरीद में एमएसएमई सैक्टर से 80 प्रतिशत खरीद के लिए इस सेक्टर को प्राथमिकता के प्रावधान है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का जेम पोर्टल सरकारी खरीद का ऐसा ई-हाट पोर्टल है जहां एमएसएमई इकाइयों को अपने उत्पाद देश के किसी भी कोने की सरकारी खरीद में बिक्री के लिए उपलब्ध कराने की सुविधा है। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफार्म का लाभ सरकारी क्रेता और विक्रेता दोनों ले सकते हैं। डॉ. अग्रवाल शुक्रवार को ओटीएस में जेम संवाद कार्यशाला आउट रीच अवेयरनेस प्रोग्राम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राजस्थान सरकार ने क्रान्तिकारी अग्रगामी कदम उठाए है। उन्होंने कहा कि जहां बड़े उद्योग करोड़ रुपये के निवेश के बाद चंद लोगों को ही रोजगार दे पाते हैं।

# राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का छठा संस्करण का आगाज आज से




- लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाज़े जाएंगे राहुल रवैल
- टॉक शो , वर्कशॉप और नॉलेज सीरीज जैसी गतिविदिया रहेगी खास
- ओपन थिएटर , जवाहर कला केंद्र में आयोजित होगी रिफ अवार्ड नाईट

जलतेदीप कासं, जयपुर

रिफ फिल्म क्लब द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का छठा संस्करण 18 से 22 जनवरी 2020 को जवाहर कला केन्द्र एवं सिनेपॉलिस, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, जे एल एन मार्ग, जयपुर में 5 इयर्स ऑफ़ रिफ और 150 इयर्स ऑफ़ महात्मा गांधी थीम पर होगा।

रिफ फिल्म क्लब के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक सोमेन्द्र हर्ष एवं अंशु हर्ष ने बताया कि रिफ का उद्घाटन समारोह शनिवार को सांय 5 बजे ओपन थियेटर, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में आयोजित होगा एवं अंत में 22 जनवरी को अवॉर्ड समारोह का आयोजन ओपन थियेटर, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में किया जायेगा, जिसमें श्रेष्ठ फिल्मों, कलाकारों को सम्मानित किया जायेगा। फिल्म स्क्रीनिंग, सेमीनार, वर्कशॉप, टॉक शो, नॉलेज सीरिज का आयोजन सिनेपॉलिस, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, जे एल एन मार्ग, जयपुर में आयोजन होगा। इस आयोजन में देश-विदेश के फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित एवम प्रदशित हुई फीचर फिल्म, शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो एल्बम, डाक्यूमेन्ट्री फिल्म, ऐनिमशिन फिल्म एव रीजनल फिल्म की स्क्रीनिंग होगी। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) को फेडरेशन ऑफ फिल्म सोसाइटी ऑफ इंडिया(एफ.एफ.एस.आइ.) से आधिकारिक मान्यता दी गयी है।

मोहनदास करमचंद गांधी पर बॉलीवुड में कई एंगल से फिल्में की गई। जिसमें देश की स्वतंत्रता के लिए लड़े गए आंदोलनों को बखूबी दिखाया गया है। गांधी के सिद्धांतों ने पूरी दुनिया में लोगों को नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। उन्होंने हर परिस्थिति में अहिंसा और सत्य का पालन किया और लोगों से भी इनका पालन करने के लिये कहा 150 ईयर्स ऑफ महात्मा गाँधी के अंतर्गत उन फिल्मों पर प्रकाश डाला जायेगा जो बापू की ज़िन्दगी पर आधारित हैं। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में नेशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया की ओर से महात्मा गाँधी के जन्म के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में साथ में रिफ के पांच साल के सफर पर प्रदर्शनी परीजात 2 गैलेरी, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में लगाई जायेगी। शनिवार से होने वाले राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल मुख्य अतिथि फिल्म प्रोड्यूसर मनीष मूंदड़ा रहेंगे। फिल्म अभिनेत्री तनिष्ठा चटर्जी और अंशुमन झा भी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की फ़ोकस कंट्री साउथ कोरिया होगी जिसमे रिफ के जवाहर कला केंद्र में होने वाले उद्घाटन समारोह में कोरियन डाक्यूमेंट्री फ़िल्म डायरेक्टर मोयंग जिन एवं कोरियन कल्चर सेंटर के डायरेक्टर किम कुमप्योंग मौजूद रहेंगे।

## 4 हजार 719 महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया

**जलतेदीप कासं, जयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा सभी जिलों में 1 जनवरी से प्रारंभ किये गये महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्रों में 16 जनवरी तक 4 हजार 719 महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। महानिदेशक पुलिस भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि महिलाओं को आत्मसुरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समस्त जिलों में महिला शक्ति आत्मरक्षा केन्द्रों का शुभारम्भ किया गया है। केन्द्रों में स्कूली बालिकाओं सहित सभी बालिकाओं व महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने की सभी व्यवस्थाएं की गयी है। सिंह ने बताया कि जनवरी माह के प्रथम पखवाड़े में करौली में 947, बांसवाडा में 664, जयपुर आयुक्तालय में 442, चितौडगढ़ में 250, बालिकाओं एवं महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसी प्रकार जैसलमेर में 198, दौसा में 195, जोधपुर ग्रामीण में 170, राजसमन्द में 167, बाड़मेर में 165, बून्दी में 140, नागौर में 109, श्रीगंगानगर में 105 एवं सवाईमाधोपुर में 100 महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि चुरू जिले में 50, सीकर में 24, झुन्झुनु में 62, कोटा शहर में 33, कोटा ग्रामीण 33, अलवर में 31, अजमेर में 60, टोंक में 38, भरतपुर में 54, भीलवाडा में 20, धौलपुर में 63, बीकानेर में 47, बारा में 70, पाली में 75, डूंगरपुर में 55, सिरोही में 33, झालावाड में 75, हनुमानगढ में 17, जालोर में 80, जोधपुर आयुक्तालय में 90, उदयपुर मे 37 एवं जयपुर ग्रामीण में 10 महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

### फिक्की द्वारा राजस्थान स्किल्स समिट का दूसरा संस्करण आयोजित

# सशस्त्र सेनाओं और पुलिस सेवा के लिए प्रशिक्षण देगा आरएसएलडीसी : डॉ. समित शर्मा

- कौशल विकास में नवनीतम तकनीक का समावेश अत्यंत आवश्यक है: दिलीप चिनॉय

जलतेदीप कासं, जयपुर




फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल और राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) की सहभागिता से शनिवार को जयपुर में राजस्थान स्किल्स समिट के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। इस समिट की थीम 'स्किल्स फॉर इंडस्ट्री 4.0' रखी गई थी। समिट के दौरान न्यू ऐज़ स्किल्स, स्किलिंग, रि-स्किलिंग और अपस्किलिंग, अप्रेन्टस्शिप और प्रोडक्टिविटी, इन्टग्रैशन ऑफ एजुकेशन विद् स्किल्स, ब्लू कॉलर एन्टरप्रेन्योरशिप आदि विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचारों को साझा किया। राजस्थान सरकार के लेबर, स्किल, एम्पलॉयमेंट और एन्टरप्रेन्योशिप के कमिश्नर और आरएसएलडीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ समित शर्मा ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये बताया कि, राजस्थान से बड़ी संख्या में युवा सेना और पुलिस सेवा में जाते है। आरएसएलडीसी शीघ्र ही सैन्य और पुलिस सेवा में जाने वाले युवाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत करेगा। प्रशिक्षण की शुरूआत के लिये प्रारम्भिक रूप से नागौर, चुरू और झुन्झुनू का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि कौशल विकास किसी एक विद्या तक ही सीमित नहीं है अपितु इसका प्रभाव नौकरियों, आर्थिक प्रगति, सकल विकास दर और किसी भी देश के आर्थिक विकास के स्तर निर्धारण पर पड़ता है।

## खेलों का जीवन में बहुत महत्व : भंवर सिंह भाटी

जलतेदीप कासं, जयपुर

उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने शुक्रवार को एस.एम.एस. इंडोर स्टेडियम में प्रथम अर्जुन दृष्टि राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में भाटी ने कहा कि खेलों का व्यक्ति के जीवन में बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि खेलों से व्यक्ति के जीवन में अनुशासन भी आता है और खेल व्यक्ति को शारीरिक रूप से ही नहीं मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखते है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किये है।

भाटी ने कहा कि अर्जुन दृष्टि खेलकूद प्रतियोगिता इसी योजना के तहत राज्य के कॉलेजों में शुरू की गई है। इस योजना में पहले अन्तर महाविद्यालय स्तर पर फिर जिला स्तर पर फिर संभाग स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि संभाग स्तर पर विजेता खिलाडियों की यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस तरह के आयोजन से राज्य के कॉलेजों में खेलों का वातावरण बनेगा।

विशिष्ट अतिथि आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने कहा कि खेल शारीरिक व्यायाम करने का सबसे बेहतरीन तरीका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये उच्च शिक्षा सचिव शुचि शर्मा ने कहा कि खेल शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ रखते है।

## आजम खान के बेटे को सुप्रीम कोर्ट से झटका, हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार

एजेंसी, नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने बसपा प्रत्याशी नवाज काजिम अली खां को हराने वाले मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खां का निर्वाचन इस आधार पर रद्द कर दिया था कि उनकी आयु कम थी और वह 2017 में चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खां की याचिका पर निर्वाचन आयोग और रामपुर की स्वार विधानसभा सीट पर पराजित हुए बसपा के नवाज काजिम अली खां नोटिस जारी किए। दोनों को चार सप्ताह के भीतर नोटिस का जवाब देना है। पीठ ने कहा कि इस मामले की सुनवाई की जाएगी क्योंकि स्कूल रिकॉर्ड के अलावा कुछ अन्य दस्तावेज पेश करके यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि अब्दुल्ला आजम खां चुनाव लड़ने के योग्य थे।



ये दस्तावेज पेश करके उनके चुनाव लड़ने की पात्रता के बारे में कुछ संशय पैदा किया गया है। पीठ ने कहा, 'हमने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला पढ़ा है, यह साक्ष्य पर आधारित है।'

अब्दुल्ला खां ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए 17 दिसंबर को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि 2017 के चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल करते समय वह 25 साल के नहीं हुए थे और इसलिए वह विधानसभा का चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे।

# नागरिकता कानूनः केरल सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे भाजपा नेता

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। सरकार की इस याचिका के खिलाफ भाजपा नेता कुम्मानम राजशेखरन भी शीर्ष अदालत पहुंच गए हैं। इससे पहले राज्य सरकार ने विधानसभा में सीएए कानून के खिलाफ प्रस्ताव को पास कराया है। पिनराई विजयन का कहना है कि वह राज्य में एनआरसी और सीएए लागू नहीं होने देंगे।



केरल के नक्शेकदम पर चलते हुए शुक्रवार को पंजाब सरकार ने भी विधानसभा में सीएए कानून के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। केरल सरकार के प्रस्ताव को लेकर केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा, केरल सरकार को यह समझना चाहिए की वह कानून और संविधन से ऊपर नहीं हैं। उन्हें प्रस्ताव पास करके और कोर्ट जाकर लोगों के पैसे को बर्बाद नहीं करना चाहिए। वहीं केरल के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान ने कहा कि सीएए के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा उन्हें सूचना दिए बिना उच्चतम न्यायालय से संपर्क किए जाने को लेकर वह रिपोर्ट मांग सकते हैं। राज्य सरकार ने 13 जनवरी को इस कानून को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी और इसे संविधान से परे घोषित करने का आग्रह किया था। खान ने केरल सरकार की निंदा करते हुए नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, जब कभी मैं कोई उल्लंघन देखता हूं, जहां कहीं भी मैं किसी को कानून के विपरीत या संविधान की धाराओं के खिलाफ जाते हुए देखता हूं, तो ऐसा हो ही नहीं सकता कि मैं जवाब तलब न करूं।

उन्होंने आगे कहा, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं हैं। यह सुनिश्चित करना मेरी जिम्मेदारी है कि चीजें उस अवस्था तक न पहुंचें जहां संवैधानिक मशीनरी का पतन होता हो।

## सुप्रीम कोर्ट से कार्ति को मिली राहत, निकाल सकेंगे 20 करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री में जमा कराए गए 20 करोड़ रुपये वापस लेने की अनुमति दे दी। कार्ति चिदंबरम ने विदेश यात्रा पर जाने की शर्त के रूप में यह रकम न्यायालय की रजिस्ट्री में जमा कराई थी। शीर्ष अदालत ने जनवरी और मई 2019 में 10-10 करोड़ रुपये जमा कराने शर्त पर कार्ति चिदंबरम को विदेश जाने की अनुमति दी थी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ के समक्ष यह मामला



सुनवाई के लिए आने पर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें यह रकम वापस लेने की अनुमति देने पर कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि कार्ति विदेश से वापस आ चुके हैं। पीठ ने इस कथन का संज्ञान लेते हुए कहा कि कार्ति इस रकम को निकाल सकते हैं क्योंकि वह पहले ही स्वदेश आ गए हैं।

न्यायालय ने यह शर्त उस वक्त लगाई थी जब प्रवर्तन निदेशालय ने कार्ति के विदेश यात्रा के आवेदन का विरोध किया था। कार्ति चिदंबरम के खिलाफ आईएनएक्स मीडिया और एयरसेल मैक्सिस प्रकरण में प्रवर्तन निदेशालय ने मामले दर्ज किए हैं जिनकी जांच चल रही है।

## विदेश

### विमान हादसे के मृतकों के देशों ने ईरान से मुआवजा मांगा

**एजेंसी, लंदन।** ईरान के मिसाइल हमले में गिरे यूक्रेन के विमान में मारे गए लोगों के देशों ने उससे मांग की है कि वह घटना की पूरी जिम्मेदारी ले और पीड़ितों के परिवार को मुआवजा दे। कनाडा, ब्रिटेन, अफगानिस्तान, स्वीडन और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों ने ट्राफलगर स्क्वॉयर पर स्थित कनाडा उच्चायोग में बैठक के बाद इस संबंध में एक बयान जारी किया। बता दें कि तेहरान के इमाम खुमैनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आठ जनवरी को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद यूक्रेन इंटरनैशनल एयरलाइन का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें सवार सभी 176 लोगों की मौत हो गयी थी। इराक में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बना कर किये गए बैलेस्टिक मिसाइल के हमले में यह विमान गिरा था। मरने वालों में कनाडा के 57, यूक्रेन के 11, स्वीडन के 17, अफगानिस्तान और ब्रिटेन के चार नागरिक शामिल हैं। मारे गए लोगों में ईरान के नागरिक भी हैं।

### चीन में अज्ञात वायरस से दूसरे व्यक्ति की मौत

**एजेंसी, पेइचिंग।** चीन में एक अज्ञात वायरस से दूसरे व्यक्ति की मौत हो गई है। चीन में इस वायरस ने दर्जनों लोगों को अपनी चपेट में लिया है और दो अन्य एशियाई देशों में भी यह वायरस दिखाई दिया। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मध्य चीनी शहर वुहान में बुधवार को 69 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वुहान कोरोना वायरस का केंद्र है। यह वायरस खतरे की घंटी है जिसका संबंध एसएआरएस (सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम) से है जिसके चलते 2002-2003 में मुख्यभूमि चीन में 349 लोग मारे गए थे और हांगकांग में 299 लोग मारे गए। चीन में नए वायरस से जुड़े निमोनिया की चपेट में कम से कम 41 लोग आए हैं। वुहान स्वास्थ्य आयोग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 12 लोग बीमारी से उबर गए हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि पांच लोगों की हालत गंभीर है। थाइलैंड और जापान में भी इस वायरस के दो अन्य मामले सामने आए हैं।

### ब्रिटेन : शाही पद त्यागने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए प्रिंस हैरी

**एजेंसी, ब्रिटेन।** के राजकुमार हैरी शाही पद त्यागने के बाद बृहस्पतिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए। महारानी एलिजाबेथ ने अपने पोते हैरी और उनकी अमेरिकी पत्नी मेघन के शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्य का पद छोड़ने और आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनने की इच्छाओं का सम्मान करते हुए उन्हें इसके लिए अनुमति दे दी है। सिंहासन के छठे दावेदार राजकुमार हैरी बकिंघम पैलेस के पिछले गार्डन में रग्बी लीग खेल रहे बच्चों को अगले वर्ष होने वाले स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में खेलने के लिए तैयारी कराएंगे। पिछले हफ्ते 35 वर्षीय हैरी और 38 वर्षीय पूर्व अभिनेत्री मेघन ने शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्य का पद त्यागने की घोषणा कर अपना ज्यादा समय उत्तरी अमेरिका में बिताने की घोषणा की थी। शाही सूत्रों के अनुसार उनकी इस सार्वजनिक घोषणा ने शाही परिवार के अन्य सदस्यों को आश्चर्यचकित कर दिया था।

### ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में हुई बारिश से बुशफायर में राहत

**एजेंसी, सिडनी।** बुशफायर से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया को बृहस्पतिवार सुबह बारिश के आने से बड़ी राहत मिली है। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार अभी यहां और बारिश होने की उम्मीद बताई जा रही है। बीते कुछ माह से यहां के जंगलों में लगी से अब तक एक अरब से अधिक जानवर मारे जा चुके हैं। इसके अलावा 28 लोगों की जानें भी जा चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया में करोड़ों रुपये की संपत्ति भी जलकर राख हो चुकी है। यह राज्य आग से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। राज्य की ग्रामीण दमकल सेवा ने एक पोस्ट में बताया कि न्यू साउथ वेल्स में ये आग कई दमकलकर्मियों के लिए राहत की खबर है। उसने एक वीडियो भी साझा की जिसमें जल रहे एक जंगल में बारिश दिखाई दे रही है। इस बरसात से आग पर कुछ हद तक काबू पाया जा सकेगा। कहा जा रहा है कि यदि बारिश होती रही तो मौसम ठीक हो जाएगा। लेकिन यदि कम बारिश हुई तो फिर ये नुकसानदेह होगी।

## राहुल का केंद्र सरकार पर निशाना, पूछा- कौन करना चाहता है देविंदर सिंह को खामोश

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कश्मीर घाटी से गिरफ्तार पुलिस अधिकारी देविंदर सिंह के मामले को एनआईए को सौंपे जाने को लेकर शुक्रवार को सवाल किया कि आखिर कौन इस 'आतंकी' को चुप कराना चाहता है। गांधी ने ट्वीट किया, 'आतंकी डीएसपी दविंदर को खामोश करने का सबसे अच्छा तरीका है कि मामले को एनआईए के हवाले कर दिया जाए।' उन्होंने दावा किया, 'एनआईए का नेतृत्व एक और मोदी-वाईके कर रहे हैं जिन्होंने गुजरात दंगों और हरेन पंड्या की हत्या की जांच की थी। वाईके की देखरेख में यह मामला खत्म होने की तरह है।' कांग्रेस नेता ने सवाल किया, कौन आतंकी दविंदर को खामोश करना चाहता है और क्यों चाहता है? राहुल गांधी ने गुरुवार को सवाल किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल खामोश क्यों हैं?



उन्होंने यह भी कहा था कि दविंदर के खिलाफ त्वरित अदालत में मुकदमा चलना चाहिए और दोषी पाए जाने पर उसे कड़ी सजा दी जानी चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी देविंदर सिंह को लेकर कई सवाल खड़े किए थे।

उन्होंने कहा था कि यह मामला देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। भारत पर हमला करने वाले आतंकियों की मदद करना देशद्रोह है। इसके लिए बड़े स्तर पर जांच होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने ट्विटर पर लिखा, डीएसपी दविंदर सिंह की जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तारी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## पंजाब, विधानसभा में पास हुआ सीएए के खिलाफ प्रस्ताव

**एजेंसी, चंडीगढ़।** नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। केरल के बाद अब पंजाब में भी सीएए के खिलाफ प्रस्ताव विधानसभा में पारित हो गया है। वहीं तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार भी पहले ही कह चुकी है कि वह नए कानून के खिलाफ है। इस कानून में हिंदू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन और पारसी समुदायों के प्रवासियों को नागरिकता देने का प्रावधान है। इस कानून के तहत 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले तीन देशों- पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी।

### साई बाबा के जन्मस्थान को लेकर विवाद

# पाथरी को जन्मस्थली बताने पर नाराज हुए शिरडी के लोग

एजेंसी, मुंबई

शिरडी के साई बाबा के जन्मस्थान को लेकर राज्य सरकार के एक एलान की वजह से विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार ने परभणी के समीप स्थित पाथरी गांव को साई की जन्मस्थली बताया है। जिसे लेकर शिरडी के लोगों में काफी गुस्सा है। इतना ही नहीं सरकार ने पाथरी के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये जारी करने की घोषणा की है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों औरंगाबाद में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि परभणी जिले के नजदीक पाथरी गांव में जहां पर साई बाबा का जन्म हुआ था, वहां 100 करोड़ रुपये के विकास का काम किया जाएगा और



पाथरी गांव में इस परियोजना को अमल में लाया जाएगा। ठाकरे के इस एलान के बाद कथित तौर पर साई बाबा की जन्मस्थली पाथरी के लोग जहां खुशी से झूम उठे और जश्न मनाने लगे। वहीं उनकी कर्मस्थली अहमदनगर जिले के शिरडी के लोगों में गुस्सा है।वहीं ट्रस्ट के एक सदस्य ने नाम न बताने की शर्त पर कहा है कि साई की कर्मस्थली शिरडी है। उनके जन्मस्थान को लेकर कोई पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। शिरडी के लोगों का यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री पाथरी को 100 की बजाए 200 करोड़ रुपये की राशि दें या वहां विकास कार्यों करें इसे लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उसकी पहचान साई जन्मस्थान के रूप में नहीं हो सकती। गांव वालों का कहना है कि शिरडी आने के बाद साई बाबा ने कभी अपना असली नाम, गांव, जाति, धर्म के बारे में नहीं बताया। इसीलिए वह आज सभी धर्मों के लिए सर्वधर्म समभाव के प्रतीक के तौर पर जाने जाते हैं।

स्वतत्वाधिकारी मैसर्स जलतेदीप (जयपुर) की ओर से मुद्रक, प्रकाशक पदम मेहता द्वारा दीपक ऑफसेट प्रिंटर्स, एफ-77, करतारपुरा, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा जलतेदीप (जयपुर) कार्यालय ई-287, लालकोठी, जयपुर से प्रकाशित फोनः 2742116, फैक्सः5102727 संपादकः पदम मेहता